CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 23°C

बरेली, सोमवार 18 अगस्त 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को दी नसीहत पेज 2



सूर्य कुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट किया पास खेल टाइम्स




निर्वाचन आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस, जवाब 'NEXT' सम्पादकीय



पाकिस्तान में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू 327 लोग गंवा चुके जान पेज 12

# राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा शुरू

## भाजपा की साजिश एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है: राहुल गांधी

सासाराम, वार्ता

**राहुल गांधी** ने रविवार को बिहार के सासाराम से मतदाता अधिकार यात्रा की शुरुआत की।

यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव जीतने के चार महीने बाद बीजेपी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव जीत जाती है। जबकि ओपिनियन पोल हमारे पक्ष में था। हालांकि जब हमने इसकी गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि




विधानसभा चुनाव से पहले हर विधानसभा क्षेत्र में लाखों वोटर जोड़े गए, जिसकी बदौलत भाजपा चुनाव जीत गई। अब यही कारनामा बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के

**■ बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी यात्रा**

जरिये बिहार में किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर भाजपा हर चुनाव कैसे जीत जाती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से जो वोट चोरी की जा रही है, उसे हम पूरे बिहार की जनता को दिखाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान और मताधिकार को बचाने की लड़ाई है। हम गरीबों के वोट की चोरी नहीं होने -**शेष पृष्ठ दो पर**

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन जगह बादल फटा, सात की मौत

नई दिल्ली, वार्ता



**■ बीते तीन दिन में दूसरी घटना, कई घायल, हिमाचल के कुल्लू में भी बादल फटने से तबाही**

**जम्मू- कश्मीर** व हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। रविवार को कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं।

जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा कि लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है। वहीं -**शेष पृष्ठ दो पर**

### मुंबई में भारी बारिश, चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद यूपी में बाढ़ में फंसी गर्भवती की नाव पर मौत

**नई दिल्ली।** कुछ दिन के ब्रेक के बाद मानसून एक बार फिर से एक्टिव हो गया है। हिमालय के राज्यों में बादल फटने की घटनाएं हो रही हैं। वहीं मैदानी इलाकों बाढ़ का पानी फसलों और रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंचा रहा है। मुंबई शहर, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग के अलावा कोंकण और गोवा में अचानक बाढ़ आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में अस्पताल जा रही गर्भवती महिला की नाव पर ही मौत हो गई। मड़इया गांव बाढ़ के पानी से घिरा है। ऐसे में परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर नाव से आशा कार्यकर्ता को बुलाया। आशा कार्यकर्ता ने जांच के बाद अस्पताल ले जाने को कहा। पडिण्त और आशा कार्यकर्ता जमुना को नाव में लिटाकर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मध्य प्रदेश में भी बाढ़ के हालात हैं।

### उपराष्ट्रपति चुनाव में सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में इस पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

# सीईसी की राहुल गांधी को चेतावनी

## सीईसी ने कांग्रेस नेता के आरोपों को किया सिरे से खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। सीईसी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया।

उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सात दिन में हलफनामा नहीं दिया, तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे। उन्होंने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? ऐसे में चुनाव आयोग अपना काम ही कर रहा है। जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव समिति बिहार के सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी? सच्चाई यह है कि यह काम 24 जून को शुरू हुआ था। पूरी प्रक्रिया लगभग 20 जुलाई तक पूरी हो गई थी। दो एपिक वाले मतदाता कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि डुप्लिकेट ईपीआईसी दो तरह से हो सकते हैं। एक तो ये कि एक व्यक्ति जो पश्चिम बंगाल में है, जो अलग व्यक्ति है, उसके पास एक ईपीआईसी नंबर है और दूसरा व्यक्ति जो हरियाणा में है, उसके पास वही ईपीआईसी नंबर है।



**■ कहा: हलफनामा दें या देश से माफी मांगें, तीसरा कोई रास्ता नहीं**

### सीईसी ने वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग ने जिंदा लोगों को मरा हुआ घोषित कर दिया। इस पर पत्रकार वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने उन लोगों को भी वोटर लिस्ट से हटा दिया, जिन्होंने अभी लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। इस आरोप का भी कोई जवाब नहीं दिया गया। चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस बैक फायर कर गई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग ने एक बार फिर डिजिटल, मशीन-रीडेबल वोटर रोल देने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब सीसीटीवी फुटेज न देने के लिए बहाने पर बहाना बना रही है। पहले वोट चोरी दबे पांव, दुबक कर की, अब एसआईआर के नाम पर खुलेआम की जा रही है।

### शुभांशु का स्वदेश आगमन पर भव्य स्वागत

**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अमेरिका से स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

# SIR विवाद के बीच मोदी का विपक्ष पर तंज

## दिल्ली-एनसीआर को लगभग 11 हजार करोड़ की दी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी।

उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके हैं। जहां ये कार्यक्रम हो रहा है, उस स्थान का नाम रोहिणी, जन्माष्टमी का उल्लास और संयोग से मैं भी द्वारिकाधीश की भूमि से हूं। पूरा माहौल कृष्णमय हो गया है। अगस्त का ये महीना आजादी और क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे -**शेष पृष्ठ दो पर**

**■ दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

**■ जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे, वे जनता से दूर हो चुके हैं**





## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर विधायक पूजा पाल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, केस दर्ज

**प्रयागराज।** विधायक पूजा पाल को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटरद्ध पर अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले उमेश यादव के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई अधिवक्ता श्याम चन्द्र पाल की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर की गई है। उमेश यादव के ही खिलाफ कौशाम्बी के पिपरी थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उमेश यादव ने कई बार एक्स पर विधायक पूजा पाल के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। इससे न केवल चायल क्षेत्र की महिलाओं की भावनाएं आहत हुई बल्कि समूचे समाज को ठेस पहुंची। विशेष रूप से सेफर्ड, पाल, बघेल, धनगर, गडेरिया एवं चरवाहा समाज के लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। कर्नलगंज थाना प्रभारी राजेश ने बताया कि तहरीर के आधार पर उमेश यादव के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव की गाय, गांव की तरक्की विजन को साकार करने की तैयारी

**लखनऊ।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई उड़ान देने की दिशा में उप्र गो सेवा आयोग ने पतंजलि योगपीठ के साथ साझा रणनीति बनाई है। हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में उप्र गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से विस्तृत चर्चा की। इस बातचीत में उप्र में गो संरक्षण, पंचगव्य उत्पाद, प्राकृतिक खेती और बायोगैस संयंत्रों के प्रसार को बढ़ावा देने पर सहमति बनी है।

# उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ हो रही बैंकिंग व्यवस्था

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में वित्तीय समावेशन की नीति और सरक.ारी योजनाओं को बैंकों से जोड़ने की रणनीति ने आमजन का विश्वास बैंकिंग व्यवस्था पर और मजबूत किया है। इसके चलते शहरों के साथ-साथ कस्बों और गांवों तक बैंकों का नेटवर्क मजबूत हुआ है। इसके साथ ही, बैंकों का सीडी रेशियो भी बेहतर हुआ है।

जून 2025 के आंकड़ों में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो प्रदेश की आर्थिक मजबूती और बैंकिंग गतिविधियों में आई तेजी को साफ दर्शाते हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार जून 2025 तक राज्य में बैंकों की जमा राशि 1.86 लाख रुपए करोड़ वृद्धि के साथ 19.39 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। जून 2024 की तुलना में यह 10.60 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि रही। वहीं ऋण वितरण के आंकड़े में 0.93 लाख करोड़ रुपए (8.79 प्रतिशत) की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई है। जून 2025 में यह कुल 11.45 लाख करोड़ रुपए रहा। यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य में निवेश और क्रेडिट का माहौल लगातार बेहतर हो रहा है। प्रदेश का सीडी रेशियो मार्च 2025 में 59.04 प्रतिशत था, जो जून 2025 में मामूली बढ़त के साथ 59.05 प्रतिशत पर स्थिर रहा। यह स्थिरता संतुलित बैंकिंग व्यवस्था का संकेत देती है। वहीं जिलावार आंकड़े दर्शाते हैं कि कई जिलों में सीडी रेशियो में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 80 फीसदी से अधिक सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या बढ़ रही है।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग को दी नसीहत

## कहा- आयोग के साहसी कदम पर टिका कई पीढ़ियों का भविष्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को नसीहत देते हुए कहा है कि उनका एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है।

अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से यह अपील ऐसे समय में की है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार के सासाराम जिले से वोट अधिकार यात्रा की शुरुआत की है। कुछ दिनों पहले ही संसद के मानसून सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे को लेकर समूचे विपक्ष ने जोरदार प्रदर्शन किया था। यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आयोग से अनुरोध करते हुए लिखा- चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है।

आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं। उन्होंने लिखा है कि जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है। यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज़ सुननी चाहिए।

# सुनवाई में देरी न्याय की नींव पर आघातः हाईकोर्ट

**21 साल बाद भी दहेज उत्पीड़न के मुकदमे का ट्रायल न शुरू होने पर अदालत ने जताई नाराजगी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 21 साल पुराने दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में अब तक ट्रायल शुरू नहीं होने पर नारा.जगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि सुनवाई में देरी न्याय की नींव पर आघात है। इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने मेरठ की सुधा अग्रवाल उर्फ सुधा गर्ग की याचिका स्वीकार कर ली।

मामला मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र का है। कोर्ट ने मुरादाबाद की अदालत को आदेश दिया कि मुकदमे की सुनवाई दिन-प्रतिदिन या साप्ताहिक आधार पर हो, बिना वजह स्थगन न दिया जाए। साथ ही आरोपी अगली तारीख से हर पेशी पर मौजूद रहें। गैर हाजिरी पर आरोपी का बेल बान्ड जब्त कर गैर-जमानती वारंट जारी किए जाएं और जरूरत पड़ने पर आरोपी को हिरासत में लेकर पेश किया जाए। याचिका में बताया गया कि पीड़िता का विवाह 2003 में हुआ। आरोप है कि 2004 में ससुराल वालों ने दहेज की मांग के चलते उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद बच्चों से भी अलग कर दिया गया। पत्नी ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इसी दौरान आरोपियों ने हाईकोर्ट से स्थगन आदेश ले लिया, जो वर्ष 2010 तक चला। स्थगन आदेश खत्म होने के बाद अब तक न गवाही हुई, न आरोप तय हुआ।

## भाजपा के साथ मिलीभगत कर काम करने का आरोप

# चुनाव आयोग ने फिर बड़ा झूठ बोलाः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



**सीईसी ज्ञानेश कुमार की प्रेस वार्ता के बीच ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर पार्टी ने बोला हमला**

चुनाव आयोग ने फिर बड़ा झूठ बोला। ये कहना है कांग्रेस पार्टी का। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को जब प्रेस वार्ता कर राहुल गांधी को कड़े शब्दों में माफी मांगने को कहा तो देश की मुख्य विपक्षी पार्टी ने आयोग पर भाजपा के साथ मिलीभगत कर काम करने के आरोप लगाए।

खास बात ये रही की प्रेस वार्ता के बीच ही कांग्रेस पार्टी ने पलटवार किया और सोशल मीडिया मीम के सहारे देश की शीर्ष चुनावी संस्था पर हमला बोला। कांग्रेस ने कहा कि चुनाव आयोग का यह दावा कि वह सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष के बीच कोई अंतर नहीं करता, हास्यास्पद है। पार्टी ने कहा कि सीईसी ने राहुल गांधी की तरफ से उठाए गए किसी भी प्रश्न का सार्थक उत्तर नहीं दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग न केवल अपनी अक्षमता बल्कि पक्षपात के लिए भी पूरी तरह से उजागर हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट के 14 अगस्त के आदेश को अक्षरशः लागू करेगा? श्वोट चोरीश के आरोपों पर सीईसी ज्ञानेश कुमार की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने केवल चुनाव आयोग की तरफ से दिए गए आंकड़ों से ही तथ्यों को उजागर किया है। इससे पहले पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर वीडियो के उस अंश को भी शेयर किया गया, जिसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार कहते सुने जा सकते हैं कि आयोग के सामने पक्ष-विपक्ष कोई नहीं होता। सब बराबर होते हैं। दूसरी विंडो में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वीडियो क्लिप का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें वे भाजपा से भी हलफनामा मांगने की चुनौती देते सुने जा सकते हैं। एक अन्य सोशल मीडिया मीम में कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी की एआई जेनरेटेड फोटो का इस्तेमाल किया है। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों डा. विवेक जोशी और डा सुखबीर सिंह को भी दिखाया गया है। कार्टून जैसी इस प्रस्तुति में कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी की तस्वीर के सामने लिखा है, बोल ए रहे हैं, शब्द मेरे हैं। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस पार्टी किसी फिल्म के क्लिप की मीम इस्तेमाल कर आयोग और भाजपा पर मिलीभगत के आरोप लगाए। पार्टी ने इसके साथ बहुत याराना लगता है जुमले का भी इस्तेमाल किया।

### राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा का तंज

**नई दिल्ली।** बिहार के सासाराम से शुरू हुई राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा नेता सीआर केसवन ने इसे संविधान बदनाम यात्रा करार दिया। वहीं भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की नींव कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने यात्रा को पंक्चर टायर कहा। राहुल गांधी और कांग्रेस की मतदाता अधिकार यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भाजपा नेता सीआर केसवन ने राहुल गांधी पर अलोकतांत्रिक और छलपूर्ण तरीके से भय फैलाने की रणनीति के तहत संविधान खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को मिलेगी निःशुल्क एसडीपी

**लखनऊ।** उप्र के सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) निशुल्क उपलब्ध होगा। इसके लिए उन्हें डोनर उपलब्ध कराना होगा। वहीं निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को इसके लिए 9500 रुपए देने होंगे। इस बावत प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी कर दिया है।

प्रदेश के मंडलीय चिकित्सालयों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एफरेसिस मशीन लगी हुई हैं। यह मशीन शरीर से प्लेटलेट्स और प्लाज्मा सहित रक्त के विभिन्न तत्वों को अलग करती है। इसके जरिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) भी तैयार की जाती है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने स्वास्थ्य महानिद.ेशक को पत्र भेजकर इसका शुल्क निर्धारित कर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों को एफरेसिस मशीन द्वारा एसडीपी की जरूरत पड़ने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह सुविधा डोनर उपलब्ध कराने की स्थिति में ही दी जा सकेगी। वहीं निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों को एसडीपी कनलिए भुगतान करना होगा।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 100023
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114933
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार का दिखेगा बाजार पर असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों का रुख मुख्य रूप से घरेलू स्तर पर जीएसटी सुधारों की घोषणा के साथ वैश्विक कारकों से प्रभावित होगा।

उम्मीद की जा रही है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में होने वाले बड़े बदलावों की घोषणा का बाजार पर अनुकूल प्रभाव होगा, हालांकि निवेशक और ज्यादा विवरण की प्रतीक्षा कर सकते हैं। इसके अलावा ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान की दिशा में गति तेज होने की उम्मीद जगी है। देखने वाली बात होगी की दुनिया भर के शेयर बाजारों में इस पर कैसी प्रतिक्रिया रहती है। ट्रंप-पुतिन वार्ता से पहले बीते सप्ताह शेयर बाजारों में तेजी रही। बाजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिसमें सोमवार, बुधवार और गुरुवार को तेजी रही, जबकि मंगलवार को गिरावट रही। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बाजार बंद रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 739.87 अंक (0.93 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 268 अंक यानी 1.10 प्रतिशत चढ़कर 24,631.30 अंक पर पहुंच गया।

लगातार छह साप्ताहिक गिरावट के बाद शेयर बाजारों में तेजी आई है। वहीं 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 1.17 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.89 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.68 प्रतिशत बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों में साप्ताहिक तेजी रही, जबकि सात अन्य कंपनियों में गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 5.83 प्रतिशत चढ़ा। टाटा मोटर्स में 4.93 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.79 फीसदी और सनफार्मा में 3.52 फीसदी की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 2.75 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 2.72 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 2.18 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एलएंडटी, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। अडानी पोर्ट्स ने सबसे ज्यादा 1.79 प्रतिशत का नुकसान उठाया। बजाज फाइनेंस में 1.76 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.71 प्रतिशत और आईटीसी में 0.72 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और टीसीएस के शेयर भी गिर कर बंद हुए।

### रुपये में दो पैसे की मामूली मजबूती

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में लौटी तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के फिर लिवाल होने से बीते सप्ताह रुपए में भी साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के कारण गत सप्ताह चार दिन ही कारोबार हुआ। इस दौरान भारतीय मुद्रा उतार-चढ़ाव से गुजरती हुई दो पैसे की मजबूती के साथ 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। इससे पहले के सप्ताह में रुपया 0.49 प्रतिशत टूटकर 87.59 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरों बाजारों की साप्ताहिक तेजी से रुपए को समर्थन मिला। गत सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में करीब एक प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। इसके अलावा बैंकों ने भी डॉलर की बिकवाली की जिससे रुपए को समर्थन मिला।

# चावल-चीनी नरम, गेहूं महंगा, दालें सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह गेहूं के औसत भाव बढ़ गए, जबकि चावल में गिरावट रही। गुड़ और चीनी के साथ दालों में भी नरमी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 17 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,785.57 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं गेहूं पांच रुपए महंगा होकर 2,854.79 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत आठ रुपए उतर गई और यह 3,309.36 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया। वनस्पति की औसत कीमत में 38 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी देखी गई। पाम ऑयल भी 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान सूरजमुखी तेल 23 रुपए और सोयो तेल 49 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल और मूंगफली तेल के दाम स्थिर रहे। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के औसत भाव टूट गए। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 21 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 20 रुपए और तुअर दाल 76 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और दाल मूंग 43.43 रुपए प्रति क्विंटल उतर गयी। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 28 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए।

चीनी भी 16 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7937.43 रुपए, मसूर काली 8120.61 रुपए, मूंग दाल 10109.35 रुपए, उड़द दाल 10421.31 रुपए, अरहर दाल 10757.94 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.79 रुपए और चावल 3785.57 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4311.90 रुपए और गुड़ 4964.94 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राहुल गांधी ....** देंगे। मतदाता अधिकार यात्रा कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैं इस मंच से आपको बता रहा हूं कि पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव चुराए जा रहे हैं। बीजेपी की ताजा साजिश बिहार में एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है। हम सब इस मंच पर आपको यह बताने आए हैं कि हम उन्हें यह चुनाव नहीं चुराने देंगे। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग क्या कर रहा है। पहले देश को पता नहीं था कि वोट कैसे चुराए जा रहे हैं।, लेकिन हमने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया कि वोट कैसे चोरी किए जा रहे हैं। मुझे पता है कि पीएम मोदी सही मायने में जातिगत जनगणना नहीं करवाने जा रहे हैं, लेकिन इंडिया ब्लॉक देश में सही मायने में जातिगत जनगणना सुनिश्चित करेगा। हम वोट चोरी को खत्म करेंगे और एसआईआर की सच्चाई को उजागर करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लालू जी, डाक्टर की सलाह के बावजूद यहां आने के लिए आपका तहे दिल से शुक्रिया।

**जम्मू-कश्मीर...** हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में तबाही नहीं थम रही। रविवार सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है। वहीं, मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना जताई है। 11 जिलों जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बादल फटने और लैंडस्लाइड की भी चेतावनी है। रविवार सुबह करीब 4 बजे के करीब कुल्लू के शालानाला में बादल फटा। इससे कुल्लू और मंडी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है।

**एसआईआर....** व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है। दुनिया, जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है।

दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है। आज भी हम सभी इसके साक्षी बने हैं। द्वारका एक्सप्रेस वे हो या फिर अर्बन एक्सटेंशन रोड, ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के बाद अब अर्बन एक्सटेंशन रोड से दिल्ली को बहुत मदद मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि अर्बन एक्सटेंशन रोड की एक और विशेषता है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# हाथी घोड़ा पालकी, जन कन्हैया लाल की...

## नगर में धूमधाम से निकाली गई रामडोल शोभायात्रा, सुन्दर झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध



अमरोहा। शोभायात्रा से पूर्व महाआरती में शामिल डीएम व एसपी।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर नगर में भव्य रामडोल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सजी झांकियों ने सभी का मनमोह लिया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से शोभायात्राा का भव्य स्वागत किया गया। धार्मिक धुनों से सारा माहौल भक्तिमय हो गया।

मौहल्ला कोट स्थित रियासत वाले मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ डीएम निधि गुप्ता, एसपी अमित कुमार आनन्द, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र ढिल्लो व कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीकृष्ण व राधा की महाआरती से किया। शोभायात्रा यहां से कोट चौराहा, शफात पोता, कटरा गुलाम अली, बसावन गंज, कोतवाली, बड़ा बाजार, जट बाजार, शर्मा देवी इंटर कालेज, तहसील, मौहल्ला चौक, नौबत खाना होते हुए लकड़ा स्थित यादव मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में राधा कृष्ण, भगवान शंकर, गणपति बाबा समेत विभिन्न

### कई जगह पुष्पवर्षा से हुआ जोरदार स्वागत

मनमोहक झांकिया सजी थी। शोभायात्रा में शामिल भगवान कृष्ण का डोला सभी के आकषर्ण का केन्द्र रहा। कलाकारों द्वारा अपने नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। अखाड़ों द्वारा मनमोहक करतब दिखाये गये। जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बैंडबाजों पर बज रहे धार्मिक गीतों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। हर कोई भक्ति में डूबा दिखाई दे रहा था। जिन रास्तों से शोभायात्रा निकलती वहां देखने वालों की भारी भीड़ जमा हो जाती। यह शोभायात्रा



ऐतिहासिक है। जिस कारण दूर दराज से लोग इसे देखने के लिये आते है। नगर ही नहीं बल्कि आस-पास के जिले से भी लोग शोभायात्रा का आंनद लेने यहां पहुंचे। वह अपने परिचितों के साथ रामडोल शोभायात्रा देखने पहुंचे। जिस कारण शोभायात्रा में महिलाओं व बच्चों की भारी भीड़ रही। हर कोई राधा कृष्ण की भक्ति मे रमा दिखाई दिया। शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष पंडित कपिल शर्मा, अजय चतुर्वेदी, सचिन त्रिवेदी, कुंवर विनीत अग्रवाल, पंकज जिंदल, मनोज अग्रवाल, मनु शर्मा, सुभाष शर्मा, गौरव वर्मा, विवेक शर्मा, राज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## शोभायात्रा के रूट पर बंद रहा वाहनों का प्रवेश

### बाजार से नहीं गुजरने दिए वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ऐतिहासिक रामडोल शोभायात्रा के दौरान नगर के उन मार्गो पर वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी रहीं जिन रास्तों से शोभायात्रा निकाली गई। शहर के बाहर ही वाहनों को जाने दिया गया।

रविवार को नगर में निकली रामडोल शोभायात्रा को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सचेत रहा। शोभायात्रा में 250 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। जिसमें सभी पुलिस कर्मियों को अधिकारियों द्वारा निर्देश दिये गये थे कि वह अपने काम के प्रति लापरवाही न बरते। इतना ही नहीं ट्रैफिक कंट्रोल के लिये 20 अतिरिक्त यातायात पुलिस की तैनाती की गई। सुरक्षा के लिये सीसीटीवी कैमरों तथा ड्रोन से नजर रखी गई। शोभायात्रा जिन रास्तों से निकली वहां पुलिस कर्मियों ने वाहनों को नहीं जाने दिया। आटो व ई-रिक्शा का संचालन भी बाजार से नहीं हुआ। जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। भीषण गर्मी होने के बाद भी भारी संख्या में लोगों ने यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी भगवान की भक्ति में लीन नजर आ रहे थे।

## शोभायात्रा में सुन्दर झांकियों ने जीता दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रामडोल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। विधायक एवं नगर पालिक. ाध्यक्ष ने फीता काटकर एवं आरती कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में विभिन्न झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्री कृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर श्री राम सेवा समिति की ओर से रविवार शाम को नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने शोभा यात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने श्री कृष्ण के बाल रूप का श्रृंगार किया। शोभायात्रा में डांडिया,मटकी फोड़, ठाकुर जी का रथ, ठाकुर जी की पालकी अयोध्या यात्रा सीताराम, राधा-कृष्ण, मां शेरोवाली, हनुमान, गणेश और भगवान शिव की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। शोभा यात्रा में मौजूद झांकियां भक्तों को अपनी और आकर्षित कर रही थी। रामडोल शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर श्री राम सेवा समिति के जिलाध्यक्ष पंकज भटनागर, विजय पारछा,रानू रस्तोगी, मुकुल अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल,राजीव, महेश प्रजापति,आयुष रस्तोगी, प्रमोद अग्रवाल, राजन पाल,सौरभ गुप्ता, शुभम रस्तोगी,मोहित शर्मा,राहुल शर्मा, पवन चौहान, मोहित अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, मनोज शर्मा, प्रखर अग्रवाल,वेद प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

### चेयरमैन ने किया फीता काटकर उद्घाटन



## शोभायात्रा दिखने को उमड़ी भारी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रामडोल शोभायात्रा देखने को भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ बच्चें भी यहां मौजूद रहे। गर्मी भी इनका रास्ता नहीं रोक सकी।

मौहल्ला कोट से लेकर बाजार लकड़ा तक जिन रास्तों से शोभायात्रा निकल रही थी लोगों की भीड़ भीड़ मनमोहक झांकियां देखने के लिये उमड़ रही थी। बाजार में पैर रखने की जगह नहीं थी जबकि मकानों की छतों पर भी बड़ी संख्या में लोगों मौजूद रहे। हर कोई भगवान कृष्ण व राधा का गुणगान कर रहा था। महिलाओं के साथ छोटे बच्चों ने भी भगवान की भक्ति में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी राधा कृष्ण की भक्ति की उमंग में दिखाई दे रहे थे।

## धूमधाम से निकाली रामडोल शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। अग्रवाल सभा के सानिध्य में रविवार को नगर में गाजे बाजे के साथ रामडोल की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान 'जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा।

रविवार को अग्रवाल धर्मशाला से रामडोल की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। अग्रसैन बाजार सहित विभिन्न मौहल्लों में भ्रमण करते हुए प्राचीन चामुंडा मंदिर पहुंची। यहां से मंडी समिति मार्ग होते हुए इंदिरा चौक से हनुमान मंदिर होते हुए अग्रवाल भवन पहुंचकर सम्पन्न हो गई। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, सुनील गुप्ता, कपिल गोयल, जयदेव गोयल, प्रमोद सिंगल, कपिल सिंगल, अरुण अग्रवाल, अंकुर, नितिन बंसल, कपिल गोयल, मुकेश सिंघल, तन्मय सिंघल, संजीव सिंघल, यश अग्रवाल कार्यकर्ता मौजूद रहे। रामडोल यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। सुरक्षा हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।



### मेरठ की एंटी नारकोटिक्स टीम ने की छापेमारी, आरोपी फरार

## भाजपा बूथ अध्यक्ष के घर से 12 कुंतल डोडा पोस्त बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी**। एंटी नारकोटिक्स विभाग की टीम ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष के मकान पर छापा मार 12 कुंतल 75 किलो डोडा पोस्ट बरामद किया है। छापेमारी से लोगों में खलबली मची रही।

रहरा थाना क्षेत्र के हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर मटीपुरा में सड़क किनारे स्थित बूथ अध्यक्ष का मकान का है। जहां छह सदस्यीय एंटी नारकोटिक्स टीम मेरठ ने हसनपुर सर्किल के रहरा थाना क्षेत्र में हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर गांव मटीपुरा में स्थित भाजपा के बूथ अध्यक्ष के मकान पर छापेमारी कर उसमें एक साइड में बने गोदाम से 12 क्विंटल 75 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। इतनी बड़ी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद करने से क्षेत्र के लोगों में खलबली मची है। शनिवार रात करीब 12:00 बजे 6 सदस्यीय एंटी नारकोटिक्स टीम मेरठ ने हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर द्रोण पब्लिक स्कूल मटीपुरा के सामने एक मकान में छापेमारी की। जहां मकान के पीछे एक गोदाम बना हुआ था। यह मकान गांव मटीपुरा निवासी भाजपा के बूथ अध्यक्ष अमरपाल पुत्र रघुवर सिंह का बताया जा रहा है। जहां से टीम ने 12 क्विंटल 75 किलो डोडा पोस्ट बरामद किया है। इस दौरान रहरा थाना पुलिस भी टीम के साथ मौजूद रही। हालांकि,एंटी नारकोटिक्स टीम ने रहरा पुलिस को इसकी सूचना छापेमारी से कुछ ही समय पहले ऐनवक्त पर दी थी। छापेमारी के दौरान गांव मटीपुरा निवासी अमरपाल पुत्र रघुवर वहां से फरार बताया जा रहा है। आरोपी इस मकान में सीमेंट और बदरपुर बेचने का कार्य करता था। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने पुष्टि करते हुए बताया कि एंटी नारकोटिक टीम ने डोडा पोस्ट को प्लास्टिक के कट्टो में भरकर रहरा थाने में ले जाकर अमरपाल पुत्र रघुवर निवासी मटीपुरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## गृहक्लेश में विवाहिता ने पिया कीटनाशक

### गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गृहक्लेश के चलते विवाहिता ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। एकएक ही उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों के बीच हड़कंप मच गया। हाईवे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती विवाहिता की उपचार के दौरान फिलहाल हालत नाजुक बताई जा रही है। इलाज कर रहे डॉक्टर ने कोतवाली में सूचना दे दी है। शिकायत नहीं किए जाने पर पुलिस की ओर से मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर स्थित गांव चौधरपुर की है। यहां रहने वाली एक विवाहिता का किसी बात को लेकर बीते कई दिनों से परिजनों से विवाद चल रहा था। गुरुवार शाम को भी घर में झगड़ा हुआ था। जिससे नाराज होकर विवाहिता ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। पीते ही उल्टियां आने पर परिजनों के बीच हड़कंप मच गया। हालत बिगड़ती देख आनन-फानन में परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टर ने तुरंत ही विवाहिता को आईसीयू में शिफ्ट कर उपचार शुरू कर दिया। फिलहाल, उपचार के बीच विवाहिता की हालत नाजुक बनी है, अस्पताल स्टाफ ने इसकी सूचना डिडौली कोतवाली में दे दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में शिकायत मिलने पर जांच व कार्रवाई की बात कही है।

## गंदे पानी में लेटकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

### पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं ने गंदे पानी में लेटकर पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

रविवार को भारतीय किसान यूनियन अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रहरा दौलतपुर मार्ग पर फैली गंदगी को देखा तो उन्होंने गंदे पानी में लेट कर पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि मार्ग पर गंदा पानी भर गया है। ग्रामीणों का यहां से निकलना दुश्वार हो गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण गंदगी होने के कारण यहां से निकल नहीं पा रहे है। स्कूल जाने वाले बच्चों के सामने भी समस्या खड़ी हुई है। नपाई करवाने के बाद उसको बनवाने का झूठा आश्वासन दिया गया था। उन्होंने कहा कि यदि पीडब्ल्यूडी विभाग ने यहां पर सड़क नहीं डलवाई तो वह जिला अधिकारी के यहां भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां गांव में बीमारियां फैलने का खतरा है वही ग्रामीणों में आक्रोश फैल रहा है। इस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इस अवसर पर मोहित सैनी, विजय सैनी, कपिल जाटव, शिवराज जाटव, सोनू गुर्जर, अशोक पहलवान, कुलदीप भारती आदि मौजूद थे।



हसनपुर। पानी में लेटकर प्रदर्शन करते भाकियू अम्बेडकर के कार्यकर्ता।

## वाहन चोर गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का खुलासा करते हुए एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से दिल्ली, गाजियाबाद और बिजनौर से चोरी की गई चार मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। बरामद गाड़ियों की कीमत करीब पाँच लाख रुपये बताई जा रही है।



यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के मुताबिक, बीती रात करीब दस बजे मंडी धनौरा पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नहर किनारे ग्राम रामपुर बागवान, चुचौला पुल की पटरी के पास संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान फईम पुत्र अब्दुल अजीज निवासी सुभाष नगर, मंडी धनौरा के रूप में हुई। उसका साथी रजी पुत्र मोहम्मद रफी निवासी सुभाष नगर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। तलाशी में पास की झाड़ियों से चोरी की हुई पाँचों गाड़ियाँ बरामद की गईं। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपने फरार साथी के साथ मिलकर दिल्ली, गाजियाबाद और बिजनौर से बाइक-स्कूटी चोरी करता था। चोरी के वाहन सूनसान जगहों पर छिपा दिए जाते और मौका मिलते ही ग्राहकों को धोखा देकर ऊँचे दामों में बेच दिए जाते थे। पुलिस रिकार्ड के अनुसार, फईम पहले भी कई बार कानून की गिरफ्त में आ चुका है। उस पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम, महामारी एक्ट उल्लंघन और बीएनएस की धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, उपनिरीक्षक रवि कुमार, हेड कांस्टेबल सुदीप कुमार, हेड कांस्टेबल मान सिंह, कांस्टेबल अंकुश कुमार और कांस्टेबल विकास कुमार शामिल रहे।

## प्रेमी जोड़े ने मन्दिर में रचाई शादी, झुके परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। प्रेम प्रसंग के चलते रविवार को डिडौली थाना क्षेत्र में एक प्रेमी युगल ने मंदिर में सात फेरे लेकर एक-दूजे का साथ निभाने का वादा किया। स्वजनों की नाराजगी के बावजूद युवती अपने प्रेमी संग शादी करने की जिद पर अड़ी रही।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का पड़ोसी गांव निवासी युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों रविवार को थाने पहुंच गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के स्वजनों को बुलाया और समझाने का प्रयास कियाद्य लेकिन युवती अपने प्रेमी संग विवाह करने पर अडिग रही।आखिरकार प्रेम के आगे स्वजनों को झुकना पड़ा और रविवार को डिडौली स्थित मंदिर में दोनों ने शादी रचाई। सात फेरे लेकर प्रेमी युगल हमेशा के लिए एक-दूजे का हो गया। शादी संपन्न होने के बाद दोनों परिवारों ने नवदंपती को आशीर्वाद दिया।



# तीन बहनों के इकलौते भाई की बुखार से मौत

## घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** 3 दिन से बुखार पीड़ित युवक की उपचार को ले जाते समय मेरठ पहुंचते ही मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हथिया खेड़ा निवासी रवि पुत्र स्वर्गीय परसा. राम 22 वर्षीय को 3 दिन से बुखार आ रहा था। परिजनों के द्वारा बुखार पीड़ित को निजी चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया। लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन बुखार पीड़ित युवक को अपने घर ले आये। रविवार की सुबह युवक की हालत बिगड़ गई तो परिजनों के द्वारा नीजि चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।लेकिन हालत में सुधार न होने पर परिजन बुखार पीड़ित युवक को मेरठ ले गये। जहां मेरठ पहुंचते ही



उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। बुखार से पीड़ित मृतक युवक तीन बहनों का अकेला भाई था। मृतक युवक की चार माह पहले शादी हुई थी। पत्नी भूपेंद्री व मा हरदेई का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों द्वारा बिना कानूनी कार्यवाही मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# बिकने के लिए आये थे फनकार बहुत से...

## बज्मे फरोग की ओर से गजल की महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बज्मे फरोग उर्दू के संयोजन में एक शाम नासिर अजीज के नाम शीर्षक से गजल की महफिल का आयोजन शनिवार रात मोहल्ला कोट में बख्तियार-उल-इस्लाम के आवास पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता नदीम अब्बास जैदी व संचालन शीबान कादरी ने किया।

महफिल की शुरुआत सरताज अमरोहवी व मोहम्मद कासिम ने नात-ए-पाक से की। शायरी का सिलसिला शुरू करते हुए नासिर अजीज ने कहा...जिन रस्तों से गुजरे थे वहां ढूंढ ही लेंगे, हम आप के कदमों के निशा ढूंढ ही लेंगे। बख्तियार-उल-इस्लाम यूं नमूदार हुए...बिकने के लिए आए थे फनकार बहुत से, बाजार में कोई भी खरीदार नहीं था। शीबान कादरी ने पढ़ा...तेरी दुनिया में बहुत नाम कमाते, करता तू अगर हौसला अफजाई हमारी। अंदाज अमरोहवी ने कहा...गुम हैं बच्चे मोबाइल में, और मैं बस्ता ढूंढ रहा हूं। डा. नासिर अमरोहवी ने पढ़ा...दीवार में सर मार कर देखूंगा किसी रोज, मुमकिन है मेरे सर से बोझ उतर जाए। जमशेद नवाज ने इस अंदाज में अपनी बात की...तमाम उम्र जो गजलें बेहर में लाते रहे, कमाल



जब था के खुद को बेहर में ले आते। मेहरबान अमरोहवी ने कहा...मैं एक लफ्ज भी मर्जी से कह नहीं सकता, और एक तुम हो के आजाद कह रहे हो मुझे। महफिल में इनके अलावा सरताज अमरोहवी, अनीस अहमद, नाजिश मुस्तफा, कासिम अमरोहवी, फैज आलम ने भी अपना-अपना कलाम पेश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नदीम अब्बास जैदी ने कहा अमरोहा इल्म-ओ-अदब की बस्ती है यहां की नौजवान नस्ल बड़ी तेजी से मैदाने गजल में आगे बढ़ रही है और मुझे उम्मीद के साथ यकीन है कि ये सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। आखिर में महफिल के कन्वीनर बख्तियार-उल-इस्लाम ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार

## पिता-पुत्र समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शादी का झूठा वादा कर युवती को गर्भवती कर उसका गर्भपात कराने के बाद आरोपी युवक उसे छोड़ गया। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक उसके पिता और दो अन्य समेत 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती का गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती की विधवा मां का कहना है कि 26 मई को आरोपी युवक उसकी बेटी को शादी का झूठा वादा कर हसनपुर से बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी युवक ने उसकी बेटी के साथ शादी नहीं की बल्कि हसनपुर के आलावा कई अन्य स्थानों पर उसके साथ बलात्कार करता रहा। इस दौरान उसकी पुत्री गर्भवती हो गई। जब आरोपी सुहैल व उसके अन्य रिश्तेदारों को इसका पता चला तो उन्होंने उसकी बेटी का जबर्दस्ती गर्भपात करा दिया। महिला का कहना है कि 28 मई को आरोपी उसकी बेटी को हसनपुर में छोड़कर परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। 13 अगस्त को गांव में आरो. पियों ने ग्रामीणों के सामने गंदी-गंदी गालियां देते हुए अंजाम भुगतने की धमकी भी दी थी। विधवा महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुहेल पुत्र नन्हे, उसके पिता नन्हे पुत्र यासीन, रिहाना पत्नी नन्हे ग्राम शकरगढ़ी थाना रहरा जाकिर पुत्र ताहिर ग्राम बुरावली थाना रहरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी सुहैल उसके पिता नन्हे को गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपी अभी पुलिस पकड़ से बाहर है।

## फिरोज अब्बासी ने किया स्वागत



**अमरोहा।** कृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली गई शोभायात्रा रामडोल शोभा यात्रा में लायंस क्लब के अध्यक्ष फिरोज कमाल अब्बासी ने जगह-जगह घूम कर रामडोल शोभा यात्रा का स्वागत किया। कैंप कार्यालय मोहल्ला कोट में बैठकर सबका अभिवादन किया और ईश्वर से प्रार्थना की की हमेशा की तरह अमरोहा क्षेत्र में ईश्वर की कृपा बनी रहे। उन्होंने रामडोल कमेटी के अध्यक्ष पंडित कपिल शर्मा को बधाई दी एवं उनके भतीजे मयंक शर्मा को भी बधाई दी साथ में लायंस क्लब के सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह छाबड़ा अरविंद यादव राजवीर सिंह यादव विमल यादव नीलकमल राजकुमार और बहुत से सदस्य मौजूद रहे।

# भाकियू लड़ रही किसानों की लड़ाई

**युवा किसान पंचायत**

**अरुण तहसील अध्यक्ष व अब्दुल्ला तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा 'युवा किसान पंचायत' में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ नेताओं की संस्तुति पर युवा जिलाध्यक्ष मोहन सिंह बेनीवाल ने अरूण कुमार को तहसील अध्यक्ष धनौरा व अब्दुल्ला चौधरी को तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत किया।

रविवार को दोपहर एक बजे से बैठक आयोजित हुए जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह उर्फ पिंटू चौधरी ने कहा कि, भाकियू ने हमेशा किसानों की समस्याओं को उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। एमएसपी समेत ऐसे अनेकों मुद्दे हैं जो किसान हित में सरकारों को पूरे किए जाने चाहिये। उन्होंने युवा प्रकोष्ठ में मनोनीत होने वाले पदाधिकारियों से आह्वान किया कि पूरी मेहनत से काम करें और युवा साथियों



को टीम में जोड़ें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौ.चंद्रपाल सिंह, युवा मंडलाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष युवा हर्षित गिल, सुरेंद्र सिंह, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## कामिल सैफी बने जिला प्रवक्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** रविवार को नगर के ब्राइट वे इंटर कॉलेज में पसमांदा मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रहीश मंसूरी ने की। उन्होंने समाज के लोगों से संगठन से जुड़ने और मजबूती देने का आह्वान किया। बैठक में जिले की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें कामिल खान सैफी को जिला प्रवक्ता बनाया गया। वहीं नदीम मलिक, गफ्फार सैफी, अय्यूब अली और जुबैर खान को जिलाउपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। साजिद अली, इसराईल मलिक और कामिल खान को जिला महासचिव चुना गया। इरफान खान को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा इमरान मेवाती, जीशान मंसूरी, हुसैन मेवाती, नासिम मलिक और शाहिद अली जिला सचिव नियुक्त किए गए। सदस्य पद पर अबरार सलमानी, कैफ मंसूरी, मुस्तकिम अली और जुनैद सलमानी को शामिल किया गया। जबकि अमजद सैफी को नगर अध्यक्ष धनौरा चुना गया। बैठक में जिला. उपाध्यक्ष गफ्फार सैफी, कोषाध्यक्ष इरफान खा कस्सार, महासचिव इसराईल प्रधान, अय्यूब अली, अहसान मंसूरी, अबरार सलमानी, डॉ. इमरान मेवाती, जुबैर मेवाती, साजिद अली रंगरेज, कैफ मंसूरी, इमेण कस्सार, अमजद सैफी, नदीम अल्वी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवक की मौत में अज्ञात चालक पर मुकदमा

## दो दोस्तों का अभी भी चल रहा इलाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर 20 दिन पूर्व हादसे में हुई युवक की मौत के मामले कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इस हादसे में मृतक के दो दोस्त भी गंभीर घायल हुए थे, जिनका अभी भी उपचार चल रहा है।

मुरादाबाद जिले के कटघर थाना क्षेत्र के गांव मिलक धीवी वाला में किसान धर्मवीर सिंह का परिवार रहता है। उनका 27 वर्षीय बेटा पुष्पेंद्र बीती 27 जुलाई को किसी जरूरी काम से बाइक पर सवार होकर अमरोहा आया था। गांव में ही रहने वाला दोस्त तरुण पुत्र सुरेश व योगेश ठाकुर पुत्र संतोष भी उसके साथ में था। हादसे के समय यह तीनों दोस्त डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित भोले नाथ ढाबा से लगभग 100 मीटर की दूरी पर बाइक सड़क किनारे खड़ी कर सर्विस रोड पर खड़े हुए थे। उसी दौरान तेज रफ्तार कार ने तीनों को रौंद दिया था। हादसा अंजाम देने के बाद चालक मौके पर कार छोड़कर भाग गया था। घटनास्थल पर जमा हुए स्थानीय लोगों ने तीनों को तुरंत ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां चिकित्सक ने पुष्पेंद्र को मृत घोषित कर दिया था वहीं हालत चिंताजनक देखते हुए योगेश व तरुण को मुरादाबाद रेफर कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा

# वन विभाग की टीम से भिड़ी महिलाएं

## तीन नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रतिबंधित पेड़ों का कटान कर रहे लोग पुलिस व वन विभाग की टीम को देखकर फरार हो गये। जबकि बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने टीम को घेर लिया। वन दरोगा की तहरीर पर तीन नामजद समेत महिलाओं व पुरुषों के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव डाइडेरा की घटना 13 अगस्त की रात करीब आठ बजे की है। क्षेत्रीय वन दरा. गा नेपाल सिंह को मुखबिर ने सूचना दी थी कि गांव में रहने वाले रिहासत, विपिन व सचिन द्वारा जंगल में अवैध तरीके से प्रतिबंधित प्रजातियों के पेड़ों का कटान किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन दरोगा नेपाल सिंह टीम लेकर मौके पहुंचे।उनके पहुंचते ही पेड़ों का कटान कर रहे लोग मौके से भाग खड़े हुए। वन विभाग की टीम को वहां एक आवासीय परिसर के पास ट्रैक्टर खड़ा हुआ मिला, जिसमें जुड़े ट्रिपलर में शीशम के दस व तुन के पांच पेड़ों की लकड़ी लदी हुई थी। लकड़ी देखकर लग रहा था कि पेड़ों को कुछ समय पहले ही कटान किया गया है। आरोप है कि उसी दौरान गांव की ओर से आई भीड़ ने टीम को घेर लिया। लकड़ी कब्जे में लेने का विरोध करते हुए महिलाएं ट्रैक्टर-ट्रिपलर के आगे लेट गईं। भारी विरोध के बीच हालात गाली-गलौज से आगे बढ़ते हुए धक्कामुक्की और मारपीट तक पहुंच गए। चारों तरफ से घिरने पर वन दरोगा नेपाल सिंह ने कोतवाली में सूचना दे दी। थोड़ी देर में ही पुलिस गांव पहुंच गई और हंगामा कर रहे लोगों को दौड़ाते हुए बिगड़ती स्थिति को काबू किया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में वन दरोगा नेपाल सिंह की तहरीर पर रिहासत, विपिन व सचिन के अलावा अज्ञात महिलाओं व पुरुषों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## तीन रुपये को लेकर मारपीट, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** तीन रुपये को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीती देर शाम की घटना क्षेत्र के गांव जिवाई की है। गांव निवासी दीपक नन्दू की दुकान पर माचिस लेने गया था। आरोप है कि दुकानदार ने उसे तीन रुपये कम लौटाए। इस पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। मारपीट में दीपक घायल हो गया। परिजनों ने उसे जोया सीएचसी भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल दीपक की भाभी राममूर्ति ने डिडौली में कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी नन्दू व कलावती के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## किशोरी को बहलाकर ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नाबालिग युवती को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना आदमपुर इलाके के एक मजदूर ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबा. लिक बेटी पशुओं के लिए खेत चारा लेने के लिए गई थी। लेकिन गांव के पड़ोसी युवक कोशिंदर पुत्र हरिद्वारी उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पीएम व सीएम के बारे में दिया था विवादित बयान

# सचिन पर चलेगा देशद्रोह का मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में विवादित बयान देने के मामले में कांग्रेस नेता सचिन चौधरी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाया जायेगा। हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता की याचिका खारिज कर दी है। जिसके खिलाफ सचिन सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे। बताते चलें कि वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के दौरान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव



सचिन चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ विवादित बयान दिया था। जिस पर राज्यपाल ने

**हाईकोर्ट ने खारिज की कांग्रेस नेता की याचिका**

उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। सचिन चौधरी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की जिसे कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया। सचिन चौधरी वर्ष 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। हाईकोर्ट से उनकी याचिका खारिज होने पर वह सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# सम्मानित होकर लौटीं प्रधान का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में सम्मानित ग्राम प्रधान मनु यादव का गांव लौटने पर ढोल नगाड़ों व फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मंडी धनौरा ब्लाक क्षेत्र के गांव फौलादपुर की ग्राम प्रधान मनु यादव को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली में केन्द्रीय पंचायत राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया था। रविवार को ग्राम प्रधान अपने गांव लौटी जहां ग्रामीणों ने उनका ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। ग्रामीण हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे।



उनके स्वागत में फूल बरसाये गये। गांव ही नहीं आसपास के गांवों से भी ग्रामीण प्रधान के स्वागत में उमड़ पड़े।

# शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा दे ठगे 2.12 लाख

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर युवक से 2.12 लाख रूपये ठग लिये। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गयी है। पुलिस जांच में जुट गयी है।

गजरौला के मोहल्ला जवाहर नगर में स्व.विक्रम सिंह रावत का परिवार रहता है। उनका बेटा अर्जुन सिंह शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करता है। एफआईआर के मुताबिक बीती 31 जुलाई को अर्जुन के पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। रिसीव करते ही दूसरी तरफ से बात करने वाले शख्स बोला कि उसे शेयर मार्केट में होने वाले उतार-चढ़ाव का अच्छा तजुर्बा है। अगर इस समय पैसे इन्वेस्ट किए गए तो ठीक-ठाक फायदा हो सकता है लेकिन इसके बदले में मुनाफे का 30 प्रतिशत हिस्सा देना पड़ेगा। लालच में फंसकर अर्जुन ने उसी दिन अपना स्टॉक ट्रेड अकाउंट क्रिएट करा लिया। इसके बाद 31 जुलाई से 6 अगस्त के बीच अकाउंट में लगभग 2.12 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद अर्जुन ने फिर उसी नंबर पर कॉल की तो बताया गया कि मार्केट वक्त ठीक नहीं चल रही है। शेयर ट्रेडिंग में घाटा चल रहा है, फिलहाल जमा रकम को बचाने के लिए अभी और पैसे इन्वेस्ट होने हैं, ये बात सुनकर अर्जुन के होश उड़ गए, इसके बाद उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर थाने में की थी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने मामले में मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात की।

# एमबीबीएस पास कर लौटे छात्र का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रूस के साथ युद्ध होने के कारण यूक्रेन छोड़कर उज्बेकिस्तान में जाकर एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र के वापस लौटने पर परिजन, सगे संबंधी और मोहल्ले वालों ने जोरदार ढंग में अभिनंदन कर हौसले की जमकर सराहना करते हुए भारतीय सरकार के कदम की भी खूब प्रशंसा की।

गढ़ के मोहल्ला चौधरियान में रहने वाले साजिद फौजी का बेटा चौधरी सैफ अली एमबीबीएस की पढ़ाई कर वापस घर लौटा तो परिजन और सगे संबंधियों समेत मोहल्ले वालों ने जोरदार ढंग में अभिनंदन कर उसके हौसले को जमकर सराहा। सैफ अली ने बताया कि रूस के साथ युद्ध प्रारंभ होने पर वहां एमएबीबीएस की पढ़ाई कर रहे भारत समेत अन्य देशों के हजारों मेडिकल छात्रों को देश छोड़ना पड़ा था। चार साल की पढ़ाई यूक्रेन में पूरी करने के बाद उसे पड़ोसी देश उज्बेकिस्तान में दाखिला लेकर दो साल की पढ़ाई करनी पड़ी थी। युद्ध के दौरान कई सप्ताह तक खौफ के साये में रहने के बाद भारत लौटना पड़ा था। जिसके बाद उज्बेकिस्तान में जाकर पढ़ाई करनी पड़ी। सैफ अली ने बताया कि रूस के साथ युद्ध प्रारंभ होने पर भारत समेत कई देशों के हजारों मेडिकल छात्र बुरी तरह फंस गए थे, परंतु भारतीय सरकार ने सराहनीय ढंग में प्रभावी कदम उठाते हुए भारत के सभी छात्रों को सकुशल तरीके से देश में वापस बुला लिया था। जिसके बाद वैकल्पिक तौर पर व्यवस्था कराते हुए मेडिकल छात्रों का दाखिला उज्बेकिस्तान यूनिवर्सिटी में करा दिया गया था। जहां से एमबीबीएस के कोर्स की पढ़ाई पूरी करते हुए भारत में आकर गरीब मजदूरों समेत सीमित आय वर्ग वाले मरीजों का सुलभ और सस्ते ढंग में उपचार करने का मौका प्राप्त हुआ है।

# सर्राफा कारोबारी ने 2086 ग्राम सोना हड़पने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सराफ कारोबारी ने बंधेल के गहनों का कारोबार करने वाले व्यापारी पर 2086 ग्राम सोना हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सराफा बाजार निवासी कुश गोयल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी गोयल जूलर्स के नाम से गंगा मार्केट सराफा बाजार में दुकान है। छज्जूपुरा निवासी प्रमोद कंसल उनके नियमित ग्राहक रहे हैं। प्रमोद कंसल बंधेल के गहने बनवाते थे। उनका पुत्र आकाश कंसल भी अपने पिता के साथ व्यापार करता था। वर्तमान में प्रमोद कंसल का देहांत हो चुका है। प्रमोद कंसल के समय और उनके बाद का आकाश पर 2086 ग्राम सोना बाकी चला आ रहा है। आरोप है कि बार बार तकादा करने पर वह बहकाता रहा। आकाश कंसल की माता विनीता भी यह कहती रहीं कि धीरे-धीरे तुम्हारा सोना या इसके बदले में तुम्हारे पैसे दे देंगे, लेकिन सख्ती से तकादा करने पर आरोपी अभद्रता और झूठे मुकदमे में फंसवाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि सोने की कीमत करीब दो करोड़ से अधिक है।

## शोभायात्रा के दौरान गायब रही बिजली

**अमरोहा।** रामडोल शोभायात्रा के कारण नगर में विद्युत आपूर्ति भी बाधित रही। गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो गया। जिन रास्तों से शोभायात्रा निकाली जा रही थी वहां की आपूर्ति सुरक्षा के लिहाज से बंद करा दी गई। रविवार को लोगों को बिजली की परेशानी भी झेलनी पड़ी। रामडोल शोभायात्रा के कारण आधे शहर की आपूर्ति दोपहर तीन बजे से बंद कर दी गई। चूंकि शहर में कई स्थानों पर विद्युत तार नीचे है इस कारण सुरक्षा के लिहाज से सप्लाई को बंद करा दिया गया। इसके अलावा बरसात में खंभों में करंट का खतरा रहता है। प्रशासन से आपूर्ति का बंद कराना ही बेहतर समझा।

## पुलिस ने 11 वारंटियों को पकड़ा

**ढवारसी।** आदमपुर पुलिस ने 11 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर पुलिस द्वारा वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें देशराज, राधेश्याम पुत्र पोपी, अतर सिंह पुत्र देवी, हरपाल पुत्र टेका, रूपा, श्यामलाल पुत्र चंदर, गजराम पुत्र कन्हैई, सुखबीर, रामवीर पुत्र देवी, पृथ्वी पुत्र डाली, ब्रजपाल पुत्र नारायन निवासी आदमपुर मझरा बहादरपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में एसओ प्रेमपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक, सुभाषचंद, दरोगा रामप्रकाश, हेड कांस्टेबिल कपिल देव, सुधीर, अनूप सिंह, हैदर अली शामिल रहे।

# हिस्ट्रीशीटर पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार

## एसएसपी ने किया सिपाहियों को सस्पेंड





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव मौसमपुर निवासी हापुड़ जिले में बहादुरगढ़ चौकी इंचार्ज मनवीर सिंह यादव के मां रातरानी उर्फ ज्ञानदेवी (70 वर्ष) की 11 अगस्त की देर रात घर में चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। दरोगा की मां का हत्या आरोपी मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया था। एनकाउंटर के बाद हिस्ट्रीशीटर धीरेंद्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उसकी चौकसी कलिए दो सिपाहियों को तैनात किया गया था।दो सिपाही हथकड़ी बेड में बांधकर बगल के बेड पर सो गए हिस्ट्रीशीटर हथकड़ी को हाथ से निकलकर रविवार की सुबह करीब पांच बजे पुलिस को चकमा देकर जिला अस्पताल से भाग निकला। उसे दो सिपाहियों की अभिरक्षा में अस्पताल के हड्डी वार्ड में भर्ती कराया था। एसएसपी डॉ. ब्रजेश सिंह ने लापरवाही करने वाले सिपाही धर्मेंद्र व कुशहर को तत्काल निलंबित कर दिया है।

एसएसपी आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने लापरवाही बरतने पर दोनों सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी सिपा. हियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे है। वहीं, एसएसपी ने जिला अस्पताल पहुंचकर सीसी कैमरे की जांच की है। डॉक्टर व मरीज व तीमारदारों से हिस्ट्रीशीटर व सिपा. हियों की गतिविधि की जानकारी जुटाई है। एसएसपी ने धीरेंद्र की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगाई है।

# केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव ।** शनिवार को कुंवर गांव में केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का भव्य स्वागत हुआ ।बीएल वर्मा शनिवार को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उझानी से चलकर कुंवर गांव होते हुए आंवला में प्रतिमा का लोकार्पण करने जा रहे थे ।इस दौरान साईं हास्पिटल के डाक्टर भीकम सिंह ने रोककर केंद्रीय मंत्री का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया ।इस दौरान उनके साथ सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे ।वहीं स्वागत करने के दौरान कुंवर गांव क्षेत्र के पोपी राम वर्मा , डाक्टर मुनेन्द्र वर्मा ,भूपराम , मंडल अध्यक्ष नौरंग पाल रमेश प्रधान मौजूद रहे ।

# बेखौफ चोरों ने ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान किया चोरी

## नलकूपो में हो रही लगातार चोरियों से किसान परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** थाना कुंवर गांव क्षेत्र के गांव कासिमपुर,मोगर,मुराव गौंटिया निवासी डाक्टर भीकम सिंह,सुम्मेरी सिंह,अशोक कुमार, मुकेश कुमार सुरेंद्र सिंह,धनपाल सिंह समेत आधा दर्जन किसानों के नलकूपो के ताले तोड़कर नलकूपो स्टार्टर,हेलपर, केविल समेत अन्य हजारों रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गये मुकेश कुमार के नलकूप से तो कई वार चोरी हो चुकी है किसानों का कहना है कि नलकूपों में बार-बार चोरी होने से खेतों में खड़ी गन्ने की फसल कि सिंचाई भी प्रभावित होती है नलकूपो में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसान दहशत में है। इस संबंध में निरीक्षक वेदपाल सिंह ने बताया घटना के संबंध में थाने पर कोई शिकायत नहीं आई है फिर भी रात्रि गस्त पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।



# तीव्र बारिश होने की संभावना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सचेत ऐप के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 03 घंटों में निम्न जनपदों में कुछ स्थानों पर आंधी/मध्यम से तीव्र बारिश होने की संभावना के ऑरेंज अलर्ट की सूचना प्राप्त हुई है।' ललितपुर, गोरखपुर, कुशी नगर, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमरोहा, बदायूँ, बागपत, बरेली, बिजनौर, बुलन्दशहर, जी.बी. नगर, गाजियाबाद, हापुड, मेरठ, मोरादाबाद, पीलीभीत, रामपुर, संभल, शाहजहाँपुर।

# ट्रांसफार्मर में अचानक लगी आग



## आसफपुर सब्जी बाजार में मची भगदड़

**धर्मेंद्र कुमार दीक्षित,शाह टाइम्स**

**आसफपुर।** बीते दिन रविवार को विकास खंड क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव सीकरी की पैठ में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक स्पार्किंग होने से आग लग गई ।

जिससे विद्युत ट्रांसफार्मर भीषण आग की चपेट आ गया । विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से सीकरी गांव में लगने वाले सब्जी बाजार में भगदड़ मच गई । आकस्मिक आग लगने से विद्युत सप्लाई बाधित हुई। हालांकि इस घटना के दौरान किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।यह आकस्मिक घटना बीते रविवार देर शाम की बताई जा रही है । इस घटना की जानकारी सीकरी वाशिंदों ने दी है ।

# आसफपुर में धूमधाम से निकली श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा



**धर्मेंद्र कुमार दीक्षित,शाह टाइम्स**

**आसफपुर।** कस्बा आसफपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कस्बे के रामलीला मैदान से सायं 7 बजे प्रारम्भ हुई शोभायात्रा देर रात तक नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण बिखेरती रही।शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न लीलाओं को दर्शाती झांकियां जैसे माखनचोरी, कंस वध, रासलीला व गीता उपदेश श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बनीं। कस्बेवासी और आस-पास के गांवों से आए हजारों श्रद्धालु इन झांकियों को देखने के लिए सड़कों पर उमड़ पड़े। यात्रा में बिलारी और बहेड़ी से आए बैंडों ने धार्मिक भजनों की मधुर धुनें निकाल कर वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

बैंड की धुनों पर श्रद्धालु झूमते और नाचते नजर आए। यात्रा का मार्ग कस्बे की प्रमुख गलियों से होते हुए निकटवर्ती ग्राम दुन्दपुर तक गया। रात लगभग 12 बजे यह शोभायात्रा पुलिस चौकी आसफपुर पर संपन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। पुलिस चौकी आसफपुर के उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ-साथ पीएसी भी तैनात रही। पूरी यात्रा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के समापन के बाद श्री सनातन धर्म सेवार्थ समिति की ओर से बैंड प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। इसमें उत्कृष्ट गायन और वादन के लिए । भारत बैंड को प्रथम पुरस्कार तथा मां भगवती बैंड को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन में समिति के सदस्य रामेन्द्र दीक्षित, राघवेंद्र शर्मा, हर्षित मिश्रा, आशीष दीक्षित, प्रवीण दीक्षित, अमित दीक्षित, राकेश दीक्षित, राजेश दीक्षित फौजी, इंद्रेश गुप्ता, जितेंद्र शर्मा, रवि पाराशरी, विनीत दीक्षित, नन्हें फूलमाली सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और शोभायात्रा की सफलता में सहयोग दिया। कस्बे में निकली इस भव्य शोभायात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल किया बल्कि सामा. जिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी मजबूती प्रदान की।

# कसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने किया वृक्षारोपण



**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** रोटरी क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के सदस्यों ने कई दर्जन पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। रविवार को कोतवाली परिसर में रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय गर्ग के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। श्री गर्ग ने कहा की पेड़ पौधों को लगाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। पौधे लगाएंगे तो पर्यावरण स्वच्छ रहेगी। कार्यक्रम के प्रायोजक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के मालिक उदित गोयल ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए। क्लब के सचिव मुदित अग्रवाल ने कहा कि पौधे लगाना जितना जरूरी है । उतना ही उसकी देखभाल करना भी। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, संयोजक देवेंद्र चौहान, इनरव्हील क्लब की सचिव भारती अग्रवाल, अर्चना वार्ष्णेय, शुभम गर्ग आदि मौजूद रहे।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस अत्यंत ही हर्षोल्लास से मनाया

**शाह टाइम्स आई एम खान**

**बिसौली।** एस.डी.बी. पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बड़े ही गरिमामय एवं उच्च स्तर पर किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू बत्रा के संचालन एवं विद्यालय निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय द्वारा ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, नृत्य, कविताएं एवं रंगारंग वेशभूषा प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जो अत्यंत सराहनीय रहे। कार्यक्रम का संचालन नमामी द्वारा किया गया, जिसमें छात्र कैबिनेट का अनुशासन बनाए रखने एवं संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। प्रधानाचार्या मीनू बत्रा ने अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद दिलाता है और हमें प्रेरित करता है कि हम देश की प्रगति और एकता के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के साथ देश के सच्चे नागरिक बनें। समस्त विद्यालय स्टाफ की पूर्ण उपस्थिति रही। अंत में उपस्थित सभी को मिठाई वितरित की गई तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की गरिमामय समाप्ति हुई।

# श्रीराम कृष्ण दास अग्रवाल धर्मशाला में दही हांडी का हुआ आयोजन



**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** अग्रवाल सभा एवं अग्रवांशिका जागृति सभा द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीराम कृष्ण दास अग्रवाल धर्मशाला में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा कृष्ण भगवान की वेशभूषा में दही हांडी उत्सव मनाया गया। गोविंदा आला रे आला ...मच गया शोर सारी नगरी में नगरी में आया बिरज का छोरा संभसल अपनी गगरी... शोर मच गया शोर देखो आया माखन चोर.. गीतों पर कृष्ण बने बच्चों ने खूब मस्ती की और दही हांडी को फोड़ा।

भगवान को फलहारी पंजीरी फ्रूट चाट धनिया का प्रसाद भोग में अर्पण कर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गुंजन अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सोहेल अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, सोनम अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, हिमानी अग्रवाल, प्राची अग्रवाल एवं श्रद्धालु बंधु उपस्थित रहे।

## एक नजर

# 30 सितम्बर तक चलेगा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट में 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत न्यायालयों में लम्बित विभिन्न प्रकार के वादों यथा वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चौक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य दीवानी मामले आदि को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित होने योग्य मामलों का निस्तारण कराने हेतु अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के अधीन संचालित मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ को संन्दर्भित करा सकते हैं। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, विवेक संगल के निर्देशानुपालन मे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, शिव कुमारी द्वारा 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समस्त न्यायालयों में यह सूचना प्रचालित की जा चुकी है ताकि अधिक से अधिक सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र हेतु सन्दर्भित कराये जा सके तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के द्वारा समय समय पर विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से जन-सामान्य को जागरूक करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए बैनर, पोस्टर, पम्पलेटस् आदि प्रचार सामिग्री भी उपयुक्त स्थानों पर वितरित एवं चस्पा करायी जा रही है। इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, शिव कुमारी द्वारा जनपद में आवासित समस्त आम जन-मानस/वादकारियों से अपील है कि मध्स्थता अभियान को सफल बनाने हेतु सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ में सन्दर्भित कराना सुनिष्चित करें।

# छात्रवृत्ति वितरण को समय सारणी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के समस्त वर्गों के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण 02 अक्टूबर 2025 को कराए जाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही किए जाने के शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्राप्त समय सारिणी की प्रक्रियात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करना, पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी बदायूँ से पासवर्ड प्राप्त करने की तिथि 01 जुलाई, 2025 से 05 अक्टूबर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उनकी अधिकारिता में आने वाले समस्त विद्यालयों की मान्यता, स्वीकृत सीटों की संख्या एवं प्रोफाइल को ऑनलाईन डिजीटल हस्ताक्षर से सत्यापित करने की तिथि 02 जुलाई, 2025 से 15 अक्टूबर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। कक्षा 9-10 एवं कक्षा 11-12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति हेतु रजिस्ट्रेशन कराकर ऑनलाईन आवे. दन करने की तिथि 02 जुलाई, 2025 से 30 अक्टूबर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा करने की तिथि 03 जुलाई, 2025 से 04 नवम्बर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। विद्यालयों द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को वांछित अभिलेखों से मिलान करके ऑनलाईन सत्यापित व अग्रसारित करने की तिथि 03 जुलाई, 2025 से 06 नवम्बर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 02 अक्टूबर 2025 को छात्रवृत्ति वितरण हेतु की जाने वाली कार्यवाही में माह अगस्त 2025 तक छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन किए गए आवेदन पत्रों को विद्यालयों द्वारा डिजीटल सिग्नेचर से ऑनलाईन सत्यापित व अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 31 अगस्त, 2025 तक है तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या आदि की प्रमाणिकता को ऑनलाईन सत्यापित करने की तिथि 01 सितम्बर 2025 से 09 सितम्बर 2025 तक निर्धारित की गयी है।

# 18 अगस्त को बिसौली में होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार माह अगस्त 2025 में तृतीय शनिवार 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी पर्व पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 16 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले कार्य दिवस 18 अगस्त 2025 दिन सोमवार को आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।


**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन /सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

भगवान दास संवाददाता बदायूं सिटी
9411010546

कैलाश मिश्रा संवाददाता इस्लामनगर
9458213331

राजीव सक्सेना संवाददाता उगती

अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222

धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078

आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786

बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 94 12 30 2152

अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759 55 8639

बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500 110 219

# पुलिस ने चोर को चोरी के माल सहित पकड़ा, भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने चोर को चोरी के माल सहित पकड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार अतुल गुप्ता पुत्र सतीश गुप्ता निवासी चनेटा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह धनेटा फाटक पर पार्सल लेने आया जिसमें सैमसंग के दस चार्जर थे इस दौरान वह अपनी दुकान के सामने चाय पीने लगा तभी अभिषेक सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह ने मेरी बाइक की डिग्गी से चार्जर निकाल लिए अतुल गुप्ता ने इसको पकड़ लिया और मौके पर प्रधान जगतपाल भी आ गए इन्होंने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़कर थाने ले आई।

पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध विधिक कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय के समझ पेश कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह, एसआई पुनीत मेहरा, कांस्टेबल चित्रसेन मौजूद रहे।

# सर्वोदय विद्यालय के मरम्मत कार्य की गुणवत्ता से मंत्री नाराज

## आउटसोर्सिंग पर कार्यरत जेई की सेवाएं समाप्त

■ **भोजीपुरा में विद्यालय के मरम्मत हेतु सरकार ने स्वीकृत किया है 1.5 करोड़ रुपया**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालक) गोपालपुर, भोजीपुरा का समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रविवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने विद्यालय में चल रहे भवन मरम्मत कार्य का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए राज्यमंत्री ने आउटसोर्सिंग पर कार्यरत जूनियर इंजीनियर (जेई) माज खान को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को मरम्मत कार्य को तय मानकों के अनुसार समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वोदय विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर शिक्षा एंव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 1.5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से विद्यालय भवन को नया स्वरूप देने का कार्य किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि यहां पढ़ने वाले बच्चों को फर्नीचर से लेकर भोजन तक सभी व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से मिलें। हालांकि भोजीपुरा सर्वोदय विद्यालय में टाइल्स लगाने के कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित जेई को हटा दिया गया है। इन संस्थानों से जुड़ा प्रत्येक कार्य गुणवत्तपूर्ण और समयबद्ध होना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश भर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा 6 से 12 तक आवासीय सुविधा से युक्त 101 सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में समय-समय पर मरम्मत कार्य करवाए जाते हैं।

# उर्स-ए-रजवी एवं मां गंगा महारानी की शोभायात्रा आयोजन को लेकर प्रशासन मुस्तैद

■ **आयोजन में लगाए गए मजिस्ट्रेट अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आला हजरत उर्स एवं मां गंगा महारानी शोभायात्रा के सफल आयोजन हेतु ड्यूटी में लगाये गये अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग सम्पन्न हुई।

18,19 व 20 अगस्त को आयोजित होने वाले आला हजरत उर्स एवं मां गंगा महारानी की शोभायात्रा आयोजन को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है, आयोजन को सफल बनाये जाने हेतु जनपद में चार सुपर जोन, आठ जोन बनाये गए हैं, 16 जोनल मजिस्ट्रेट, 28 मजिस्ट्रेट तथा 56 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गए हैं। रविवार को सभी मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

बैठक में मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये गए कि सभी लोग अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंटस को अनिवार्य रुप से देख लें। यदि किसी मजिस्ट्रेट को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह कन्ट्रोल रुम नम्बर 5812428183 या फिर 5812422202 पर भी कॉल करके जानकारी दे सकता है। निर्देश दिये गए कि समस्त अधिकारी भ्रमणशील रहें। बैठक में निर्देश दिये गए कि कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़कर न जाए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये गए। बैठक में निर्देश दिये गए कि 18 अगस्त, 19 अगस्त, तथा 20 अगस्त को आला हजरत उर्स है, जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में अकीदतमंद यहां आते हैं, इसके साथ ही 19 अगस्त को मां गंगा महारानी जी की शोभायात्रा भी निकलेगी, जिसमें अच्छी खासी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। दोनों ही आयोजनों को भली प्रकार सम्पन्न कराना हमारा उद्देश्य है, जिसके लिये दो पालियों में ड्यूटीयां लगाई गयी हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी मजिस्ट्रेट अपनी ड्यूटी स्थल को तब तक न छोड़ें, जब तक दूसरा मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर न आ जाए।

बैठक में निर्देश दिये गए कि इस बात का ध्यान रखा जाये कि आयोजन में जो भी बैनर आदि लगें वो ऊंचाई पर लगें, जिससे वो शोभायात्रा आदि में व्यवधान उत्पन्न न करें।बैठक में निर्देश दिये गए कि सभी मजिस्ट्रेट लोगों के साथ अच्छा व्यवहार रखें, जिससे जब लोग यहां से अपने क्षेत्र में जायें तो यहां की व्यवस्थाओं और सौहाद्र कि प्रशंसा करें।

डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि आप सभी ने जिस प्रकार से मोहर्रम, कांवड़ यात्रा जैसे महत्वपूर्ण पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया है, उसी प्रकार से यह पर्व भी शान्तिपूर्ण व सौहाद्रता से सम्पन्न कराएं। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि आप लोग गौशालाओं का निरीक्षण लगातार करते रहें, और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी मनरेगा सहित समस्त उपजिलाधिकारी व नामित मजिस्ट्रेटगण उपस्थित उपस्थित रहे।

# चेहल्लुम में जुटी भीड़ बनी पुलिस के लिए चुनौती, लगानी पड़ी पीएसी

■ **थाने के सामने रेलवे ट्रैक पर जमा भीड़ को हटाने में पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/ देवरनियां।** बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे स्थित कस्बा देवरनियां में चेहल्लुम के पर्व पर रविवार को भारी भीड़ जुटी। जोकि पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी रही। कोतवाली के सामने रेलवे ट्रैक से जमा भीड़ को हटाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले चेहल्लुम के पर्व के मौके पर कोतवाली देवरनियां के बराबर में बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे और रेलवे ग्राउंड पर मेरे लगे, और चेहल्लुम देखने के लिए भारी भीड़ रही।

इस वजह से हाईवे पर जाम की समस्या बनी रही और वाहन रेंगते रहे। जबकि कोतवाली के ठीक सामने देवरनियां रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर भी लोगों और महिलाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चों की भारी भीड़ जमा थी, जिसे हटाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी पुलिस बल के साथ भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे, और भीड़ कन्ट्रोल के लिए रेलवे से सम्पर्क कर जीआरपी बुलाने को कहा, मगर जब जीआरपी नहीं आई तो कोतवाली प्रभारी अशुतोष द्विवेदी ने पुलिस टीम के साथ खुद ही मोर्चा सम्भाला। भीड़ को कन्ट्रोल करने के लिए पीएसी भी बुलाई गई।

देर शाम चेहल्लुम शांतिपूर्वक सम्पन हो जाने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। इसके अलावा गांव शरीफनगर, इटौआ, गुनाह हट्ट में भी चेहुल्लम शांतिपूर्ण तरह से सम्पन्न हो गया।

# कस्बे में धूमधाम से निकाली गई भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा

■ **जगह-जगह हुए मटकी फोड़ कार्यक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में नवमी पर भगवान श्री कृष्ण की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान राधा कृष्ण एवं अन्य झांकियां ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान ठाकुरद्वारा मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की पालकी की शोभा यात्रा निकाली गई। जो आकर्षण का केंद्र रही।

कस्बे में जगह-जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां मटकी फोड़ कार्यक्रम की शुरुआत पुराना कपड़ा बाजार अंसारी मोहल्ले से होती हैं इसके बाद सीको वाली गली मुख्य मार्ग पर होते हुए जगह जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जानकारी के अनुसार रविवार को कस्बे में माखन मटकी फोड़ कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान शोभायात्रा में झांकियां आकर्षक केन्द्र रही। शोभायात्रा का सनातन वैश्य महासभा के पदाधिकारीयों ने पूजन कर शुभारंभ किया। शोभायात्रा जानकी देवी इंटर कॉलेज के पास प्रकाशी लाला के शिव मंदिर से शुरू होकर कस्बे के मुख्य बाजार में घूमती हुई लोधी नगर चौराहा होते हुए भिटौरा स्टेशन से



होकर ठाकुरद्वारा मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल, प्रेमपाल गंगवार, विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान, राजकपूर गुप्ता, श्याम सुंदर गुप्ता, अमित गोयल, सतीश चच्चा, सीपू लाला आदि तमाम लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह चौकी प्रभारी अनूप सिंह आदि दल बल के साथ मुस्तैद रहे।

# पति ने पत्नी का गला घोंटा, जान से मारने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव रानीगंज की रहने वाली विवाहिता आरती गुप्ता को उसके पति विपिन गुप्ता ने गला घोंटकर जान से मारने की कोशिश की, किसी तरह पति के चंगुल से बचकर थाने पहुंची आरती ने पुलिस को आप बीती सुनाई। आरती गुप्ता ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2016 में विपिन गुप्ता के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी, आरोप है कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता रहता है, उसके तीन बच्चे हैं। आरोप है कि 15 अगस्त को उसके पति ने उसका गला घोंटकर उसे जाने से मारने की कोशिश की, किसी तरह वह उसके चंगुल से बचकर थाने पहुंची। आरती गुप्ता ने अपनी और अपने तीनों बच्चों के साथ होने वाली किसी भी घटना के लिए अपने पति विपिन गुप्ता, ससुर नरेश गुप्ता और सास भुवनेश्वरी को जिम्मेदार बताते हुए पुलिस को तहरीर दी, जिसपर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बहेड़ी में धूमधाम से निकाली गई श्रीकृष्ण की शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ होली चौराहा शेखूपुर शिव मंदिर से हुआ, जिसमें भगवान कृष्ण के स्वरूप की झांकियां निकाली गई।

शोभायात्रा में राधा कृष्ण की झांकी, शिव तांडव, माँ काली अखाड़ा, बैंड बाजे और रथ पर सवार भगवान के स्वरूप ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं से शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में वीरेंद्र दीक्षित, राजन लाडले, अशोक दिवाकर, सजल अग्रवाल, सत्यवीर कनौजिया, विष्णु दत्त, राजेश दीक्षित, हीरा लाल, सोनल अग्रवाल, अनिल दिवाकर और कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# परचम कुशाई की रस्म से होगा उर्स-ए-रजवी का आगाज

■ **रात में तरही नातिया मुशायरे का होगा आयोजन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आला हजरत फाजिले बरेलवी के 107 वें उर्स-ए-रजवी का आगाज रजवी परचम से आज सोमवार को हो जाएगा। उर्स की सभी रस्में दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना अल्हाज सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत और सय्यद आसिफ मियां की निगरानी में दरगाह परिसर व इस्लामिया मैदान में अदा की जाएगी। रात में तरही नातिया मुशायरा होगा। जिसमें देश-विदेश के शोहरा अपने कलाम पेश करेंगे।

दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स का आगाज परचम कुशाई की रस्म के साथ होगा। इससे पहले दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की कयादत में परचम का जुलूस आजम नगर से अल्लाह बक्श के निवास से शाम 4 बजे निकलेगा।

यह जुलूस अपने कदीमी (परम्परागत) रास्तों आजम नगर से चलकर कुमार सिनेमा, इंदिरा मार्केट के रास्ते बिहारीपुर के ढाल होते हुए दरगाह पहुँचेगा। यहाँ सलामी देने के बाद जुलूस दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां की कयादत में वापिस इस्लामिया मैदान पहुँचेगा। दुनिया भर के उलेमा की मौजूदगी में हजरत सुब्हानी मियां यहाँ परचम कुशाई की रस्म अदा करेंगे। इसी के साथ उर्स का विधिवत ऐलान हो जाएगा। बाद नमाज ए मगरिब महफिल ए मिलाद होगी। रात में 10 बजकर 35 मिनट पर आला हजरत के बड़े साहिबजादे हुज्जातुल इस्लाम के कुल शरीफ की रस्म अदा होगी।

इसके बाद नातिया मुशायरा हजरत अहसन मियां की सदारत में मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती सलीम नूरी, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी, मुफ्ती मोइनुद्दीन, मुफ्ती कलीम उर रहमान कादरी, मुफ्ती अनवर अली, मौलाना डॉक्टर एजाज अंजुम की निगरानी में शुरू होगा।

## अजमेर शरीफ के संदल, केवड़ा और गुलाब से महकी दरगाह

उर्स की पूर्व संध्या पर देर रात अजमेर शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज की बारगाह से संदल आया, केवड़ा व गुलाब के साथ पहली चादर आला हजरत के मजार शरीफ पर पेश की गई।

दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रजा कघदरी (अहसन मियां) अजमेर शरीफ के गद्दीनाशीन सय्यद सुल्तान उल हसन चिश्ती व सय्यद आसिफ मियां ने गुस्ल के रस्म अदा कर संदल, केवड़ा व गुलाब पेश किया। इसके बाद चादर व फूल पेश किए। फातिहा के बाद सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने खुसुसी दुआ की।

## देश विदेश से जायरीन पहुंचने लगे दरगाह

उर्स-ए-रजवी में शिरकत के लिए देश विदेश से जायरीन का जत्थों की शक्ल में दरगाह पहुंचना शुरू हो गया है। दरगाह पर अकीदतमंदों का तांता लगा है। लोग गुलपोशी और फातिहाख्वानी कर रहे हैं। साउथ अफ्रिका, मॉरीशस नेपाल समेत केरला, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान, झारखंड, गोवा, कर्नाटक के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जायरीन उर्स में शिरकत के लिए बरेली पहुंच चुके हैं।

## दरगाह से जायरीन की मदद के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी

उर्स-ए-रजवी में शामिल होने देश-विदेश के लाखों जायरीन बरेली पहुँच रहे हैं। उनकी मदद के लिए दरगाह की तरफ से 1500 वालिंटियर लगाए गए हैं। जो जायरीन के ठहराने, खान-पान, दरगाह पर हाजिरी, ट्रैफिक आदि में मदद करेंगे। दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने जायरीन की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। किसी जायरीन को कहीं कोई दिक्कत आती है तो वो लोग इन नम्बर पर कॉल कर मदद मांग सकते हैं। शाहिद नूरी 9219878651, अजमल नूरी 8077909456, परवेज नूरी 9259213602, नासिर कुरैशी 9897556434, औररंगजेब नूरी 9219722092, ताहिर अल्वी 9219725692, मंजूर रजा 9258545113, अब्दुल माजिद 967531573।

## एक नजर

### रंजिशन घर में घुसकर महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर ग्राम मदनपुर के लोगों ने महिला के घर में घुसकर गाली गलौच कर मारपीट की।बचाने आए पति व मामू को भी दबंगो ने पीटा।शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

गाँव मदना पुर निवासी रिजवाना पत्नी बब्लू ने पुलिस को वताया कि कल शनिवार शाम लगभग 5.30 बजे गाँव के ही रहीस उद्दीन,अफसर व मोहम्मद एजाज जमीन के बिवाद को लेकर गाली गलौच करते हुए घर में घुस आए विरोध करने पर मारपीट करने लगे।बचाने को पति बब्लू व मामू फरियाद हुसैन आए तो उपरोक्त ने उन्हें भी जमकर पीटा। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### दबंगों ने दी गांव से भगाने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम जाम खजूर में दबंगों की दबंगई का मामला सामने आया है। ग्रामीण मो. अकलीम पुत्र शौकत अली ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंग लोग उनके परिवार से रंजिश रखते हैं, और उन्हें गांव से भगाने की धमकी दे रहे हैं।

अकलीम का आरोप है कि दबंगों ने उनके भाई मो. अकरम पर झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया, और अब वे उन्हें और उनके परिवार को गांव से पलायन करने को मजबूर कर रहे हैं। शुक्रवार को जब अकलीम और उनके परिवार के लोग नमाज पढ़कर आ रहे थे, तभी दबंगों ने उनकी जबरन वीडियो बना ली। अकलीम का कहना है कि दबंगों की धमकी से उनका परिवार दहशत में है, और उन्हें गांव से पलायन करने को मजबूर किया जा रहा है। अकलीम ने प्रशासन से मांग की है कि दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उनके परिवार की जान और माल की सुरक्षा हो सके। इस मामले में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण है, और उन्हें दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि दोनों परिवार पड़ोसी हैं, मामले की जांच कर रहे हैं। अगर ऐसा कुछ पाया जाता है तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### राधे कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाकर निकाला नवमी का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे में राधे कृष्ण की मनमोहक झाँकियो के साथ नवमी का जुलुस निकाला गया।जुलूस में शामिल लोग राधे कृष्ण के जयकारे के साथ झांकियों पर पुष्प वर्षा करते हुए चल रहे थे।जिससे चहुओर भक्ति का माहौल नजर आया। राधे कृष्ण की झांकी का जुलूस प्राचीन शिव मन्दिर जाटवान से शुरू होकर अपने परम्परागत रास्ते से गुजरते हुए गिरधरपुर पेट्रोल पम्प पर पहुंचा।वापसी में मोहल्ला पड़ाव होता हुआ मन्दिर पर जाकर जुलूस का समापन हो गया। जुलूस राजकुमार राठौर,त्रिमल सिंह राठौर,लालता प्रसाद राठौर,हिमांशु गुप्ता,जसवंत राठौर,महंत मुरारी लाल आदि भक्तों के सहयोग से निकाला गया।जुलूस में सुरक्षा की दृस्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा।

### दहेज में कार और 10 लाख न देने पर विवाहता को मारपीट कर निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दहेज के लालची ससुराल वालों ने एक विवाहिता को कार और 10 लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता शशि पुत्री चंद्रसेन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी शादी दो साल पहले रवि पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम खुटिया के साथ हुई थी। शादी में शशि के माता-पिता ने 15 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। शशि का आरोप है कि उसका पति रवि, ससुर मोहन लाल, सास हरवती, जेठ शैलेन्द्र और जेठानी दहेज में कार और 10 लाख रुपये देने की मांग करते हैं। जब उसने यह मांग पूरी करने में असमर्थता जताई, तो उसे भूखा-प्यासा रखकर परेशान किया गया।

शशि का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे लातों, घूंसों और बेल्ट से मारा-पीटा, जिससे वह चोटिल हो गई। उसे पुत्री होने और दहेज की मांग पूरी न करने पर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने शशि की तहरीर पर ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है

### दहेज में कार न देने पर विवाहिता को मारपीट कर ससुराल से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक विवाहिता को दहेज में कार न देने पर ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पूजा पुत्री छेदा लाल निवासी खमरिया गोपा डांडी ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी तीन माह पूर्व अरविंद कुमार पुत्र रामधुन निवासी मनकापुर मूसापुर उर्फ घाटगांव से हुई थी। शादी में उसके पिता ने 5 लाख रुपये नगद, मोटरसाइकिल और सोने के जेवर सहित अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। पूजा का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में कार की मांग कर रहे थे। जब उन्होंने इस मांग को पूरा नहीं किया, तो ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं, उसका गला दबाकर मारने का प्रयास भी किया गया, जिससे उसे चोटें आई हैं।

पूजा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसपर पुलिस ने पति अरविंद, जेठ गुड्डू, देवर देवेंद्र, नंदोई रविंद्र और राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है, और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। दहेज उत्पीड़न के ऐसे मामले लगातार सामने आते रहते हैं, जहां ससुराल वाले दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिताओं को प्रताड़ित करते हैं। यह एक गंभीर मुद्दा है, जिसपर समाज और कानून दोनों को ध्यान देने की आवश्यकता है।

### तहसीलदार ने कोतवाल के साथ चार दिन पहले कराई नपत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिकित्सक ने तहसीलदार की नपत के खिलाफ किया निर्माण**

**नवाबगंज।** बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे पेट्रोल पंप के निकट पड़ी वेश कीमती भूमि पर कब्जे को लेकर सरकारी डॉक्टर और सर्राफा व्यापारी के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। चार दिन पहले तहसीलदार ने कोतवाल के साथ जाकर भूमि की नपत कराई थी, उसे आज सरकारी डॉक्टर ने पलट डाला, और अपने पूर्व स्थान पर ही निर्माण कराना शुरू कर दिया। जैसे ही इसकी भनक सर्राफा व्यापारी को लगी तो वह अपनी पत्नी, पुत्री और पुत्र के साथ स्थल पर जा पहुंचे, और सरकारी डॉक्टर द्वारा किए गए निर्माण कार्य को उखाड़ फेंका। निर्माण कार्य को उखाड़ फेंकने का वीडियो आज सारे दिन सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। मालूम हो गुजरे बुधवार को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह राजस्व टीम और कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव के साथ स्थल पर पहुंचे, और इस वेश कीमती भूमि की नपत कराई थी, और अपने सामने निशान लगवाए थे। राजस्व टीम ने सरकारी चिकित्सक की ओर से करीब 8 फिट भूमि निकालते हुए सर्राफा व्यापारी को दी थी। आरोप है कि आज रविवार को सरकारी चिकित्सक डॉक्टर दिनेश गंगवार ने तहसीलदार द्वारा कराई गई नपत को पलट डाला, और अपने पूर्व स्थान पर ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया, इसकी भनक जैसे ही सर्राफा व्यापारी राम प्रकाश गुप्ता को हुई तो वह अपनी पत्नी बविता गुप्ता पुत्र सूरज गुप्ता और पुत्री के साथ स्थल पर जा पहुंचे, और चिकित्सक द्वारा कराए गए निर्माण कार्य को अपने हाथों से उखाड़ फेंका। निर्माण कार्य में उखाड़ने का किसी ने वीडियो बना लिया, जो रविवार को सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। गौरतलब हो सरकारी डॉक्टर दिनेश गंगवार और सर्राफा व्यापारी राम प्रकाश गुप्ता के बीच पिछले काफी दिनों से इस भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। जिसके चलते दोनों ही ओर से एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जा चुकी हैं, इतना ही नहीं पुलिस ने सरकारी चिकित्सक डॉक्टर दिनेश गंगवार और सर्राफा व्यापारी राम प्रकाश गुप्ता का शान्ति भंग में चालान भी कर चुकी है। इतना सब कुछ होने के बाद भी विवाद सुलटने का नाम नहीं ले रहा है, माना जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

# नौगवां पकड़िया में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक सम्पन्न



**पीलीभीत।** नगर पंचायत पकड़िया नौगवां सहित विस्तारित रूपपुर कृपा और बरहा की उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक आयोजित की गई जिसमें व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा की उनहोने छात्र राजनीति से ही व्यापारियो की समस्यायों को देखते हुए व्यापार मंडल की राजनीति को प्राथमिकता दी और व्यापारियों हर दुख दर्द में उनके साथ खड़ा होना सीखा जिसके परिणामस्वरूप जिले के व्यापारियों की पहचान है, आज अधिकारी उत्पीड़न करने से पहले 100 बार सोंचता है, व्यापारियों की कैसी भी समस्या होगी वे सदैव आगे बढ़कर उनके साथ खड़े नज़र आयेंगे ज़िला अध्यक्ष एमए जिलानी ने कहा कि एकता और संगठन ही व्यापारी समाज की सफलता की कुंजी है, व्यापार मंडल हर व्यापारी का सच्चा साथी है।

बैठक केवल विचारों का आदान–प्रदान नहीं रही बल्कि भाईचारे, सहयोग और व्यापारिक प्रगति की नई दिशा तय करने का माध्यम बनी। पकड़िया नौगवां के नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना ने नगर पंचायत के विषय में कई प्रस्ताव रखें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेन्द्रू ने कहा कि व्यापारी वर्ग का उत्पीड़न बर्दास्त नही किया जाएगा, युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा कि युवा व्यापारियों की समस्याओं के लिए मण्डल हमेशा खड़ा है, शहर के अध्यक्ष रणवीर पाठक ने कहा कि देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी व्यापारी है जिसका दर्जा उच्चतम था और रहेगा।

## संदिग्ध युवकों को किया पुलिस के हवाले

**सिकंद्राबाद।** ककोड़ कोतवाली के गांव अलीपुरा व चोला के गांव गांगरौल में संदिग्धावस्था में घूम रहे युवकों को ग्रामीणों ने सूचना देकर पुलिस के हवाले कर दिया। ककोड़ कोतवाली प्रभारी कविश कुमार ने बताया कि अलीपुरा गांव में शनिवार की रात ग्रामीणों की सूचना पर संदिग्धावस्था में घूमते हुए युवक को हिरासत में लिया गया। युवक पड़ोसी गांव जैतपुर में मजदूरी का काम करता था, जो बाराबंकी का रहने वाला है। पूछताछ के बाद युवक को छोड़ दिया गया। चोला थाना प्रभारी बलराम सिंह ने बताया कि शनिवार की रात गांगरौल के ग्रामीणों ने चोर पकड़ने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में युवकों ने गांव में चल रहे धार्मिक आयोजन में भंडारा खाने की बात कही।

# जिले भर में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



**पीलीभीत।** जिलेभर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया, विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने घरों और मंदिरों में भजन गाकर लड्डू गोपाल को तरह तरह के पकवानों का भोग लगाया। जनपद के राधा कृष्ण मंदिरों को बड़े ही मनमोहक तरीके से सजाया गया था, दिन भर यहां भजन कीर्तन होते रहे और भक्तों की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर भक्तों ने झूला झुलाकर लड्डू गोपाल का श्रृंगार किया और भजन–कीर्तन कर वातावरण भक्तिमय बना दिया।

## बूंदाबांदी ने बढ़ाई उमस भरी गर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में मौसम का मिजाज पल–पल बदल रहा है। कभी बारिश तो कभी धूप–छांव का मौसम रहने से गर्मी का असर बढ़ रहा है। बारिश के वावजूद गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। रविवार को सुबह से बारिश का मौसम बना रहा। दिन बढ़ने के साथ ही आसमान में बादलों की आवा. जाही शुरु हो गई। दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन मौसम में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। न्यूनतम तापमान 27 और अधिकतम 32 डिग्री सेल्सियस पर रिकॉर्ड किया गया। रविवार को सुबह से बारिश के बादल मंडराते रहे। 11 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं।

## अमीन–बैंक कैशियर पर लगाया लाखों हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने अमीन और बैंक के कैशियर पर लोन के 7.50 लाख रुपये लेकर हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पीड़ित को फर्जी रसीद थमा दी गई। न्यायालय के आदेश पर नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाली में यमुनापुरम कालोनी निवासी पीड़ित दिनेश कुमार पुत्र कृष्ण देव शर्मा ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया कि वह खुर्जा स्थित हाजीपुर भटौला के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वर्ष 2014 में उनके द्वारा जिला सहकारी बैंक शाखा औरंगाबाद लखावटी से चार लाख रुपये का लोन लिया था। उक्त लोन का ब्याज समेत 7.50 लाख रुपये उन पर हो गया था। इस धनराशि को जमा करने के संबंध में उनके पास अमीन सूरजपाल ने फोन किए थे। जिस पर 30 अक्टूबर 2024 को 7.50 लाख रुपये लेकर जिला सहक.ारी बैंक की मोतीबाग शाखा पर जमा करने गए थे। आरोप है कि वहां पर अमीन सूरजपाल मिला था। जिसने पीड़ित दिनेश कुमार से 7.50 लाख रुपये ले लिए। इस धनराशि की जमीन सूरजपाल ने बैंक कैशियर दीपक सूरी से लेकर पीड़ित को दे दी। उसी दौरान पीड़ित को वेतन खाते से रुपये निकालने पर जानकारी मिली कि उसके खाते को स्टांप पेमेंट कर दिया गया है। उसके द्वारा दिए गए 7.50 लाख रुपये खाते में जमा नहीं किए गए

# अजीत का था सड़क किनारे मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार को थाना क्षेत्र के दानपुर पहासू मार्ग गांव बमनपुरी के समीप सड़क किनारे मिले युवक के शव की पहचान फिरोजाबाद के गांव वाजिदपुर थाना नारखी निवासी 23 वर्षीय अजीत सिंह के रूप में हुई है। मृतक नोएडा में टैक्सी चलाने का काम करता था।

पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए बुलंदशहर मोर्चरी में रखवाया था। मृतक के पिता ने गांव के चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है। शनिवार की सुबह बमनपुरी के समीप सड़क किनारे युवक का शव मिला था युवक की गला रेतकर हत्या की गई थी। शव की पहचान नहीं हो सकी थी। प्राप्त जानकारी होने पर मृतक के परिजन एकत्रित होकर थाने पहुंच गए। मृतक के परिजनों ने उसकी पहचान अजीत के रूप में की। पिता राज.ेंद्रपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अजीत नोएडा में टैक्सी चलाने का काम करता था। गांव के ही रिश्ते के भाई अभयपाल उर्फ संजीव, राहुल, रिंकू, पुनीत उर्फ अमित भी नोएड़ा में टैक्सी चलाने का कार्य करते थे। जब उनके पुत्र नोएड़ा में था तो इन लोगो ने उनके पुत्र के साथ झगड़ा किया था उसके बाद मेरा पुत्र गांव में आ गया था। तब भी इन लोगों ने मेरे घर में घुसकर हमारे साथ मारपीट की थी और मेरे बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। शनिवार की सुबह उसका शव बमनपुरी सड़क के किनारे मिला है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का लिया सहारा शनिवार को छतारी क्षेत्र में मिले शव की पहचान हो गई। पुलिस ने शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। सोशल मीडिया के जरिए भाई संजय को जानकारी हुई तो पुलिस से संपर्क किया। पुलिस से मामले की जानकारी मिलने पर परिजन एकत्रित होकर थाने पहुंच गए जहां उन्होंने फोटो से उसकी पहचान अजीत के रूप में की। पहचान होने के बाद पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है। अजीत ने रक्षाबंधन पर बहनों से बंधवाई थी राखी अजीत चार भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर का था। रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहनों से राखी बंधवाने नोएडा से गांव आया था। जहां उसने अपनी दोनों बहन वंदना और निशा से राखी बंधवाई थी। 14 अगस्त को अजीत काम करने लिए नोएडा चला गया। 16 अगस्त को अजीत की गला रेतकर हत्या करके शव को बमनपुरी के समीप सड़क किनारे फेंक दिया था। मौत की जानकारी मिलने पर बहन रोरोकर सुध बुध खो बैठी। शव के पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अजीत के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजन शव लेकर फिरोजाबाद के गांव वाजिदपुर पहुंचे। शव के पहुंचने पर लोग एकत्रित हो गए। अजीत के शव को देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई।

## भाई ने की भाई की पीट–पीटकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** रविवार को खुर्जा नगर क्षेत्र के गांव सीकरी में बड़े भाई ने छोटे भाई की पीटकर हत्या कर दी। घटना से पूर्व दोनों भाईयों के बीच घरेलू विवाद हुआ था।

जिसके बाद बड़े भाई ने छोटे भाई के सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी बड़े भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव सीकरी निवासी सुखवीर ने बताया कि शनिवार की रात उसके 23 वर्षीय चचरे भाई दाताराम पुत्र गौरीशंकर और विशाल के बीच घरेलू विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी। उस दौरान दाताराम के बड़े भाई ने शराब का सेवन किया हुआ था। रविवार की सुबह फिर से दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिसमें बड़े भाई विशाल ने छोटे भाई के सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे घायलावस्था अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके से आरोपी भाई फरार हो गया।

पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता गौरीशंकर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी बड़े बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि सिर पर किस से प्रहार किया गया है, इसको लेकर जांच की जा रही है।

सिर पर प्रहार करने से युवक की मौत हुई है। पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। गहनता से जांच की जा रही है।

## लापता युवक का खाई में मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** गजरौला मार्ग पर वन विभाग रेलवे फाटक के समीप रविवार सुबह एक युवक का शव खाई से बरामद हुआ। शव की शिनाख्त चौसरा निवासी 25 वर्षीय मिथुन पुत्र नत्थू धानुका के रूप में हुई।

घटना की सूचना मिलते ही यूपी–112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता के मुता. बिक मिथुन मझोला में एक फार्म पर ड्राइवरी का काम करता था। तीन दिन पहले ही वह घर लौटा था। परिजनों ने बताया कि 15 अगस्त को वह गांव के बंटू और दिनेश के साथ घर से निकला था। 15 अगस्त की शाम साढ़े सात बजे पिता से उसकी अंतिम बार बातचीत हुई। इसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। रविवार सुबह सड़क किनारे खाई में शव बरामद हुआ प्रत्यक्षदर्शियों ने आशंका जताई कि मृतक शौच के लिए बैठा होगा और नशे में पानी में गिर गया, पिता नत्थू धानुका ने बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की आशंका जताते हुए गहन जांच की मांग की है।

# कल्याणं करोति में देशभक्ति व भक्ति का सुबह–सुबह आनंदमय संगम



**मथुरा।** कल्याणं करोति संस्था, मथुरा में स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का संयुक्त आयोजन प्रातःकाल श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे संस्था के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने ससम्मान सम्पन्न किया। राष्ट्रगान गूंजते ही पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से भर उठा। उपस्थित बच्चों, शिक्षकों व चिकित्सा कर्मचारियों ने राष्ट्र के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए शहीदों को याद किया। इसके पश्चात संस्थान के सम्बल विशेष विद्यालय के बौद्धिक एवं श्रवण बाधित छात्र–छात्राओं द्वारा जन्माष्टमी की झांकी तथा 'मटकी फोड़' कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चे राधा–कृष्ण रूप में जब मंच पर आए और माखन–चोरी व मटकी फोड़ की झलक दिखाई, तो सभी ने मुस्कुराते हुए तालियों से उनका स्वागत किया। विशेष बच्चों का आत्मविश्वास और खुशी देखकर हर किसी का मन भावुक हो गया। कार्यक्रम में बृजेश शर्मा, पूनम भार्गव और प्रीति लवानिया सहित संस्था के विभिन्न सदस्यों ने हिस्सा लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणात्मक कदम है। समारोह के पश्चात संस्था के महासचिव सुनील शर्मा द्वारा सभी विशेष बच्चों को मिठाई वितरित की गई। अधिकतर बच्चों के चेहरे पर मिठाई पाकर जो आनंद और उत्साह था, उसने वातावरण को और भी उल्लासमय बना दिया। सभी ने संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा और समर्पण कार्यों की सराहना की।

## युवक के घर पर की फायरिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंद्राबाद।** चोला थाना क्षेत्र के गांगरोल गांव में एक युवक के घर पर बीती रात फायरिंग की गई। पीड़ित का कहना है कि पहले पहले धमकी भरे कॉल आए, उसके बाद जब मोबाइल फोन को स्विच ऑफ कर लिया तो घर पर फायरिंग होने लगी। वारदात बीती रात करीब 3 बजे की बताई जा रही है। गांव निवासी भरत शर्मा ने बताया कि रात में उनके मोबा. इल पर लगातार धमकी भरे फोन आ रहे थे। परेशान होकर उन्होंने फोन बंद कर दिया। इसके बाद एक चार पहिया वाहन से आए लोगों ने उनका घर ढूंढा और फायरिंग की। एक गोली भरत के घर के बाहर खड़ी रिश्तेदार की कार में लगी। दूसरी गोली मकान के मुख्य गेट के ऊपर से दीवार में जा लगी। सुबह भरत की मां को आंगन में झाड़ू लगाते समय एक खाली कारतूस मिला। भरत ने घटना की सूचना 112 पर दी। चोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# बी.एस.ए. इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**मथुरा।** बी. एस. ए. कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलीजी मथुरा में 79 वें स्वतन्त्रता दिवस पर ध्वजारोहण मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन बीएसए इंजी. कॉलेज मनोहर लाल गोयल, श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल के सचिव किशोर कुमार अग्रवाल, संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन इंजी. नितिन मित्तल एवं सभी श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभी अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि मनोहर लाल गोयल ने कहा कि हमें अनुशासित होकर अपने कर्तव्यों को निर्वाह्न करना चाहिये। संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल ने कहा कि हम स्वतंत्रता सैनानियों तथा राष्ट्र निर्माताओं के अत्यंत कृतज्ञ है जिन्होने हमें एक ऐसा राष्ट्र सौंपा जिसमें नागरिकों को गरिमा तथा व्यक्तिगत स्वतन्त्रता है। संस्थान के निद.ेशक प्रो. डा. श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा कि कर्तव्य एवं दायित्व के प्रति हमें सजग रहकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देना। ए. एस.एम पॉलिटेक्निक निद.ेशक प्रो. डॉ. लाकेंद्र शर्मा, फार्मेसी निदेशक डॉ. राकेश कुमार, रजिस्ट्रार भगवान सिंह सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक आदि उपस्थित रहे। जवाहर विद्यालय इण्टर कॉलेज में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ शुभारंभ प्रबंध समिति का अध्यक्ष शिव शंकर अग्रवाल उपाध्यक्ष एसपी अग्रवाल, प्रबंधक सुरेश एवं प्रधानाचार्य किशनवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर सदस्य बकुल, राजेश मंगला, सुरेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बाल कटिंग की दुकान में शटर बंद कर गैर समुदाय की युवती से छेड़छाड़

**पूरनपुर।** गैर समुदाय के युवक संग बाल कटिंग की दुकान पर युवती के बंद होने की सूचना पर खलबली मच गई। जानक.ारी लगने के बाद भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष टीम के साथ पहुंच गए। मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरनपुर निवासी हैदर की कोतवाली रोड पर ही अंदर गली में बाल कटिंग की दुकान है। 16 अगस्त को पड़ोस के गांव की रहने गैर समुदाय की युवती दुकान पर आई। बताया जा रहा है युवक का चेला बाहर से दुकान बंद करके चला गया। कुछ ही देर में युवक और युवती के दुकान में होने की सूचना नगर में आग की तरफ फैल गई। जानकारी लगने के बाद भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा टीम के साथ पहुंच गए। मामले की सूचना डायल 112 को दी गई। कुछ ही देर में युवती के परिवार के लोग भी आ गए। घटना को लेकर काफी भीड़ जमा हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी हैदर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। युवती ने बताया वह दुकान पर बाल कटिंग करवाने गई थी तभी हैदर का चेला अली बाहर से शटर बंद करके चला गया। उसने बताया जब शटर बंद था तो आरोपी ने उसे अपनी गर्लफ्रेंड बनाने की बात कही थी, कंधे पर हाथ मार कर धक्का भी दिया बात करने और छेड़खानी का भी प्रयास किया गया।

# धूमधाम से मनाया नंदोत्सव, झूमे श्रद्धालु

**कोसीकलां।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन रविवार को कोसी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नंदोत्सव मनाया गया। वाद्य यंत्रों की सुरीली धुनों पर भक्तों ने बधाई गीतों का गायन किया। श्रद्धालु गोकुलवासी बनकर खूब झूमे। मंदिरों में पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया।3

रविवार को दिन के साथ ही मंदिरों में नंदोत्सव की शुरुआत हो गई। भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में नृत्य किया। खिलौने, बिस्किट, टॉफी, चॉकलेट और अन्य खाद्य वस्तुएं लुटाई गई। पंजीरी, बेसन के लड्डू व पंचामृत का प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में नंदोत्सव से उत्सव की छटा बिखरी रही। बजरंग विद्या मंदिर कमला नगर में छोटे–छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण का रूप रखकर सभी का मन मोह लिया। छोटे छोटे बच्चों ने दही की मटकी फोड़ी। राजेश कुमार, मोहन, धनसिंह, अनुज, सोनु, योगेश, हिमांशु, बीना का सहयोग रहा। बल्देवगंज स्थित दाऊजी मंदिर में नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की..., जय हो ब्रज लाल, जय हो नंद लाल से मंदिर परिसर गूंज उठे। भक्तों ने कृष्ण जन्म की



खुशी में नंद उत्सव में जमकर नृत्य किया। श्री बिहारीजी मंदिर में बधाई गायन हुआ। जिसमें बधाई गीतों पर जमकर नृत्य किया गया। राधा माधव मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर में रामनगर काली मंदिर, आफीसर्स कालोनी में बालाजी मंदिर, शेरगढ तिराहे पर हनुमान मंदिर पर जन्मोत्सव मनाकर पंजरी का प्रसाद वितरित किया गया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र.
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवैध वसूली के विरोध में टैम्पो चालकों ने की हड़ताल

■ अवैध वसूली के विरोध में टेम्पो चालकों की हड़ताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** क्षेत्र के ताजपुर बहेटा गांव के पास टेम्पो चालकों ने पुलिस प्रशासन, खास तौर पर यातायात निरीक्षक (टीआई) और मुंशियों पर, अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए हड़ताल कर दी है। चाल. कों का कहना है कि शाहबाद सैफनी से बिलारी के बीच चलने वाले टेम्पो चालकों से हर महीने 5,000 रुपए की अवैध वसूली की जाती है। घ्चालकों ने बताया कि पैसे देने के बावजूद उन्हें पुलिस और मुंशियों द्वारा परेशान किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों की मनमानी और बदमाशी इतनी बढ़ गई है कि अब उनके लिए टेम्पो चलाना भी मुश्किल हो गया है। इसी मजबूरी में, उन्होंने एकजुट होकर हड़ताल का रास्ता अपनाया है। घ्एक टेम्पो चालक के अनुसार, यह पैसा मुंशियों द्वारा टीआई के नाम पर लिया जाता है और इसका एक हिस्सा नजदीकी थाने में भी जाता है। कुछ चालकों ने यह भी बताया कि उनके टेम्पो किस्तों पर हैं, और इस अवैध वसूली के कारण उनके लिए अपनी किस्तें भरना बहुत मुश्किल हो गया है।चालकों ने इस स्थिति पर रोष जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का अवैध वसूली और पार्किंग के नाम पर होने वाली वसूली को रोकने का सख्त आदेश है, लेकिन इन लोगों ने मुख्यमंत्री के आदेशों को भी नजर अंदाज कर अपनी मनमानी चला रखी है।

घ्चालकों ने मांग की है कि इस अवैध वसूली को तुरंत बंद किया जाए या कम से कम वसूली की रकम में कटौती की जाए।

# धमोरा क्षेत्र के रूपपुर गांव में आबकारी विभाग की टीम ने की छापेमारी, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** आबकारी विभाग को लगातार सूचना मिल रही है की अवैध शराब की ग्रामीण क्षेत्र में जोरदार तस्करी की जा रही है कार्यवाही न होने से तस्करों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला धमोरा क्षेत्र के रूपापुर गांव का है जिसमें रविवार की दोपहर 11 बजे=30 आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली तो आबकारी विभाग की टीम सतर्क हो गई।



तुरंत रूपपुर गांव में एक घर में छापामारी करना सुरु की मौका देख घर के लोग मौके से खिसक लिए। इस दौरान घर में एक महिला मिली छापामारी के दौरान आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। छापामारी के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के घर मे रखे 10 पाउच बरामद किए जिन्हें घर की महिला अवैध रूप से बेचती है। आबकारी निरीक्षक ने बताया सूचना पर पहुंची टीम ने रूपपुर गांव में छापामारी के दौरान अवैध शराब के 10 पाउच बरामद कर एक महिला के खिलाफ अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की है।

# कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** कार चालक ने सवार को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर कर दिया घायल को मुरादाबाद के अस्पताल मे भर्ती कराया है जहा पर युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। नगर पंचायत निवासी ताहिर का पुत्र अल कुवैश मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर पैट्रोल पम्प के पास अपनी मोटरसाइकिल से किसी का खड़े होकर इन्तजार कर रहा था कि कार चालक ने ई रिक्शा से बचाने के प्रयास मे मोटरसाइकिल पर बैठे युवक को टक्कर मारदी जिससे वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया कार चालक कार लेकर फरार हो गया कार द्वारा टक्कर लगने से चीख पुकार मच गई घटनास्थल पर लोगो की भीड़ लग गई सूचना पाकर परीवार वाले भी मौके पर पहुंच गए ओर युवक को बाजपुर के अस्पताल ले गए जहा से युवक को मुरादाबाद भेज दिया गया है कार नगर के एक दुकानदार की बताई जा रही है।

# दढ़ियाल कोसी नदी में मंद बुद्धि युवक डूबा, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** कोसी नदी के किनारे टहलने गया दढ़ियाल का युवक मोहम्मद सालिम 22 वर्ष पुत्र जाकिर का पैर फिसलने से पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय तैराकों ने शव को बमुश्किल निकाला। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम मोहम्मद सालिम (25 वर्ष) पुत्र जाकिर निवासी मोहल्ला पड़ाव कोसी नदी के किनारे टहलने गया था कि अचानक उसका पैर फिसल गया। पुल पर खड़े लोगों ने जब देखा तो, उन्होंने शोर मचा दिया, इसी बीच पुलिस को भी सूचना दे दी। वहीं जब परिजनों को इस घटना की जानकारी मिली तो घर में कोहराम मच गया, स्थानीय तैराकों ने युवक को नदी में खोजना शुरू कर दिया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद उन तैराकों ने सालिम को नदी से बाहर निकाला, जब तक उसकी मौत हो चुकी थी।पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जरूरी प्रक्रिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अवन्ती बाई लोधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

■ रामपुर में वीरांगना के चित्र पर माल्यार्पण हुआ, 1857 की क्रांति में दिया था बलिदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर में स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती पर सवारियां फार्म में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। सभा में क्षेत्रीय नागरिकों और समाजसेवियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि वह महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की स्वाधीनता के लिए उस समय की तानाशाही पूर्ण हुकूमत को उखाड़ फेंकने को वीरांगना अवंतीबाई लोधी ने बड़े संघर्ष को नेतृत्व प्रदान किया।

अन्य वक्ताओं ने वीरांगना के साहस और बलिदान को याद किया। उन्होंने बताया कि अवंती बाई लोधी ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस का परिचय दिया।



मातृभूमि की रक्षा में उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनकी वीरगाथा आज भी देशवासियों के लिए देशभक्ति और साहस की प्रेरणा है।

कार्यक्रम में अजय लोधी,सुनील लोधी,सुरेंद्र कुमार लोधी, , अशोक लोधी, जितेंद्र लोधी, राहुल वर्मा, और प्रेमपाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने वीरांगना के आदर्शों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# ग्राम पंचायत मनकरा में श्रमिकों का सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायत मनकरा में श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा स्थित पंचायत भवन पर ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने श्रमिकों को सम्मानित किया। इसके अलावा काशिफ खां ने राजकीय इंटर कॉलेज और प्राथमिक विद्यालय पर भी ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद मिष्ठान वितरण हुआ।

इस मौके पर प्रधान सना काशिफ, ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद उमर फारूक, इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, प्राथमिक विद्यालय प्रधानाचार्या राफिया खानम समेत ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# अरुण गिरी महाराज इनवायरमेंट बाबा का रामपुर की टीम ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को ऋषिकेश से बनारस जाते समय हिंदू युवा वाहिनी संगठन के मुख्य संरक्षक महामंडलेश्वर श्री 1008 अरुण गिरी महाराज इनवायरमेंट बाबा का रामपुर की टीम ने नामधारी ढाबा बाजपुर दोराहा पर फूल मालाओं के साथ बड़ी धूमधाम से जोरदार स्वागत किया।



गुरु जी से संगठन के विस्तार के विषय में चर्चा हुई और पर्यावरण को शुद्ध बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया गया और जिला स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर मुरादाबाद मंडल प्रभारी अमित कुमार,जिला प्रभारी संजीव चौधरी, जिलाध्यक्ष सुमेश गुप्ता, जिला संगठन महामंत्री विजयपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष आशीष चौधरी, जिला महामंत्री सतेंद्र मौर्य, सह मीडिया प्रभारी तेजस्वर आर्य, जिला मंत्री प्रेम प्रकाश मौर्य, जिला मंत्री रामसिंह दिवाकर, जिला मंत्री हेमंत चौहान, पितांबर सिंह, हरप्रसाद सिंह, घनश्याम पाल, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनपद को 3168 मी. टन इफको यूरिया प्राप्त हुई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद को इफ्को यूरिया 3168 मी. टन खाद उपलब्ध हो गई है, जो समितियों को प्रेषण कराया जा रहा है, खाद की किसी प्रकार की समस्या नहीं है एवं किसानों द्वारा मांग में भी कमी आई है।

उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया है कि उर्वरक का क्रय अपनी फसल एवं जोतबही के अनुसार ही करें। इसके अतिरिक्त यदि विक्रेता/सहक. ारी समिति द्वारा उर्वरको की बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर की जाती है या उर्वरक के साथ कोई अन्य उत्पाद जबरन दिया जाता है तो कृषक इसकी शिकायत कृषि विभाग के कण्ट्रोल रूम नम्बर 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी।

# विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने मनाया अखंड भारत संकल्प दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** विश्व हिंदू परिषद एवम् बजरंग दल के द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस सप्ताह के अंतर्गत सर्व हितकारी इंटर कॉलेज मसवासी के प्रांगण में कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व सेवा भारती जिला अध्यक्ष एवम् प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्र ने युवाओं को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा सेवा, सुरक्षा एवम् संस्कार के प्रति आगे बढ़ने का आग्रह किया। और प्रत्येक हिंदू समाज को किसी न किसी संगठन में जुड़ कर रहना चाहिए और सभी ने अखंड भारत का सपना पूर्ण करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम कंबोज जिला गौ रक्षा प्रमुख एवम् स्वार ग्रामीण पालक ने किया।



इस अवसर पर अर्जुन कुमार गुप्ता अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, संजय पाल गौ रक्षा प्रमुख, विजय पासी, सोनू, सूरज दिवाकर, विक्की मौर्य, जितेंद्र सैनी, अमन सैनी, प्रमोद सैनी, अमन कश्यप, सोनू मौर्य, अरुण कश्यप, जितेंद्र मौर्य आदि मौजूद रहें।

# 19 अगस्त से शुरू होने वाले छठी महोत्सव में जलवा बिखेरेंगे टीवी आर्टिस्ट

■ भव्य पाल की यात्रा के साथ आरंभ होगा छठी महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बाकर स्कूल मैदान पर श्री कृष्णा छठी महोत्सव में टीवी कलाकार अपने फन का जलवा बिखरेंगे। 19 अगस्त से शुरू होने वाले महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। महोत्सव 25 अगस्त तक चलेगा।

शिव महादेव मंदिर जिनोद्वार समिति की ओर से होने वाले छठी महोत्सव में दिल्ली के वैष्णवी कला मंच के कलाकार भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन करेंगे। कला मंच के डायरेक्टर राहुल समेत कई टीवी कलाकार अपने हुनर का जादू बिखेरेंगे। रोजाना रात करीब 7:00 से मंचन शुरू होगा। छठी महोत्सव को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं और पद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप गई है। मंच व पंडाल बनाने के काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



समिति व महोत्सव के अध्यक्ष रवि किशन सक्सेना ने बताया कि छठी महोत्सव में कई साधु संत भी आएंगे। श्री कृष्ण जन्म से महारास तक की लीला का मंचन किया जाएगा। इस बार मंचन को और भव्य बनाने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है और साथी 19 अगस्त को सुबह 10:00 बजे से कृष्ण मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा आरंभ होगी जिसका समापन 19 अगस्त को ही महोत्सव स्थल बाकर स्कूल मैदान पर किया जाएगा उसके उपरांत इसी दिन से छठी महोत्सव आरंभ होकर 25 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने बताया कि छठी महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपी से पुलिस बल उपलब्ध कराने और नगर पालि. का परिषद से जल ,प्रकाश ,शौचालय व सफाई व्यवस्था की मांग की गई है।

# मढ़ी मंदिर में चल रही रास लीला का लोगों ने लिया आनंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** विश्वनाथ मढ़ी मंदिर में 13 अगस्त से चल रही रासलीला के क्रम में शनिवार की रात कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा कृष्ण जन्म की रासलीला प्रस्तुत की गई। जिसमें कंस द्वारा अपनी बहन देवकी के अनेकों पुत्रों को मार देने के बाद भगवान श्री कृष्ण ने देवकी के गर्भ में अवतार लिया जिसे वासुदेव द्वारा गोकुल में नंद बाबा के घर पहुंचाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों से सैकड़ो लोग मढ़ी मंदिर में उपस्थित रहे तथा रासलीला का आनंद लिया। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा के सभापति रामस्वरूप सैनी,निलेश वर्मा, दयाराम,सुरेंद्र रुहेला, रामचरण और प्रताप सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

## न्यायालय सिविल जज ( सी.डि. ), जिला रामपुर

**विविध वाद सं.-128 सन् 2024 ई.**
**श्रीमती कुसुम लता रस्तोगी**

बनाम

सुरेश चन्द रस्तोगी आदि

बनाम

1. हरिओम पुत्र स्व. श्री सुरेश पाल वर्मा
2. प्रकाश उर्फ डब्बू पुत्र स्व. सुरेश पाल वर्मा
3. श्रीमती नीलम पत्नी श्री गुड्डू समस्त निवासीगण रामदुलारी इण्टर कॉलेज के पास, मौहल्ला दुर्गा प्रसाद, तहसील बीसलपुर, जिला पीलीभीत (उ.प्र.)
4. मनोहर लाल पुत्र स्व. श्री सीताराम रस्तोगी
5. श्रीमती आभा उर्फ आरती पत्नी श्री संजय रस्तोगी
6. राजू रस्तोगी पुत्र श्री मनोहर लाल रस्तोगी
7. श्रीमती डाली पत्नी स्व. श्री विक्की रस्तोगी
8. मास्टर वंश (अवयस्क) पुत्र स्व.श्री विक्की रस्तोगी
9. मास्टर आदित्य (अवयस्क) पुत्र स्व. श्री विक्की रस्तोगी
10. कु. अक्षरा (अवयस्क) पुत्री स्व. श्री विक्की रस्तोगी समस्त निवासीगण मकान नं.-753, प्रेम गली, गांधीनगर, दिल्ली प्रतिवादी सं.-8 ता 10 द्वारा माता हकीकी व संरक्षिका श्रीमती डाली प्रतिवादनी सं.-7
11. श्रीमती चन्दा पत्नी श्री हरी निवासनी ग्राम नया गांव, तहसील सदर, जिला रामपुर।

............**विपक्षीगण**

चूंकि उपनिरीनामांकित प्रार्थिनी / वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि वास्ते बनाने अन्तिम डिक्री अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए 2025 के 08 के 26 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में सफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 के 08 के 05 दिवस को निकाली गई।

**न्यायाधीश**
**सिविल जज ( सी.डि. )**
**रामपुर ( उ.प्र. )**

# देश व प्रदेश के सरकारी विभागों से ठेका प्रथा समाप्त कर नियमित भर्ती कि जाए: अजय बन्नू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रविवार नगर पालिका परिषद स्वार में देवभूमि स्थानीय निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड अजय बन्नू का सफाई कर्मचारीयों ने नगर में जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय बन्नू ने सफाई कर्मचारीयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सन् 2006 में गठित छठे वेतन आयोग ने अपनी सिफारिशों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों को मृत घोषित कर दिया गया जिस कारण देश के समस्त सरकारी विभागों में चतुर्थ श्रेणी/सफाई कर्मचारीयों की भर्ती पर प्रतिबंध लगा है और देश में ठेका प्रथा लागू जिससे देश में करोड़ों सफाई कर्मचारीयों का दम घोंटा जा रहा है। हमारी सरकार से मांगा है कि सम्भावित आठवें वेतन आयोग में चतुर्थ श्रेणी/सफाई कर्मचारीयों के मृत पदों को पुर्नजीवित कर सफाई कार्य से जुड़े वाल्मीकि समाज के बेरोजगारों की सभी विभागों में नियमित की जाये जिससे ठेका प्रथा जैसी घृत बीमारी का अन्त हो सके जो सरकार वाल्मीकि समाज को रोजी रोटी मकान देगी वहीं हमारे वोट की हकदार होगी अन्यथा आने वाले चुनावों में वाल्मीकि समाज सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में पूरे देश में धरना प्रदर्शन करेगा।



इस मौके पर भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही, सर्वेश चौधरी, महेंद्र दीवान, प्रदीप राजहंस, सुनील वाल्मीकि,गौरव वाल्मीकि, राकेश, रमेश,नाजाद लाल, जरीफ आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक का फूल मालाएं पहना कर किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में महाभारत कालीन प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर बरेली पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल अपने काफिले के साथ पहुं. चने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा माल्यार्पण कर किया।

भव्य स्वागत वहीं धाम पर पहुंचकर सर्व प्रथम आचार्य कौशल मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना कर चल रही रासलीला के मंच पर पहुंचकर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने हिंदू समाज से धाम पर चल रहे गुरुकुल में अपने बच्चों को संस्कार व शास्त्रों का ज्ञान अर्जित करने हेतु भेजने को कहा और छुट्टा घूम रही गायों को पालने की भी अपील की।

पूर्व विधायक नगर निवासी पंकज शर्मा सभासद पति के घर पहुंचे फिर वही से बेरुआ निवासी राजीव शर्मा के आवास पर पहुंचे और फिर वही से अपने स्थान पर रवाना हो गए।



वहीं गुरुकुल के संस्थापक आचार्य विवेक वशिष्ठ ने बताया कि गुरुकुल में छात्रों को निशुल्क शिक्षा भोजन रहना सहना बिल्कुल नि:शुल्क है जिसमें छात्रों को संस्कार, वेद शास्त्रों का ज्ञान अर्जित कराया जाता है तथा जिसमें उपस्थित रवि शर्मा ,विवेक पांडे,मोनी पांडे, प्रमोद शर्मा,पंकज शर्मा,सुनील शर्मा,राजीव पांडे,प्रवीण कुमार जोशी,ब्रजेश जोशी,शिव अवतार प्रधान, शोभित शर्मा,जितेंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि एक मकान लगभग 70 वर्ग गज स्थित ग्राम हजरतपुर, तोपखाना गेट, तहसील सदर, जिला रामपुर, जिसमें बजरिये मौखिक हिबा दिनांकित 5-6-2021 बिल ऐवज देने मेहर, में 1/3 हिस्से की मालिक व काबिज हूँ, को मेरे पति आजम खाँ पुत्र असलम खाँ निवासी ग्राम हजरतपुर तोपखाना गेट, तहसील सदर, जिला रामपुर मेरी बिना इजाजत बेचना चाहते हैं। लेहाजा इच्छुक खरीदार को सचेत किया जाता है कि उक्त मकान को मेरे हिस्से सहित न खरीदा जाये, अन्यथा मुझे खरीदार के विरूद्ध बयनामे के निरस्तीकरण के लिये सक्षम न्यायालय में कानूनी कार्यवाही करनी पड़ेगी जिसके हर्जे खर्चे के खरीदार जिम्मेदार होगें।

**निवेदक**
**जेनब पत्नि आजम खाँ नि. ग्राम हजरतपुर, तोपखाना गेट, तहसील सदर, जिला रामपुर हाल नि. घेर पीपलवाला, नगर रामपुर, जिला रामपुर**
**मोबाईल नं. 707864706**

# जेल की दुश्मनी बनी गंगानगर के हिस्ट्रीशीटर की हत्या का सबब

## मवाना खुर्द बाईपास पर शुक्रवार को मिला था गंगानगर के अंकित गुर्जर का शव

■ हत्या में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** थाना गंगानगर के हिस्ट्रीशीटर आदि उर्फ अंकित गुर्जर की हत्या जेल में हुई दुश्मनी के चलते की गई थी। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों से हुई पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ। मृतक के साथ जन्मदिन मनाने के लिए आरोपी रजपुरा में ले गए थे, जहां जेल में मृतक के साथ पूर्व में बंद रह चुका अनुराग छिलौरा मिला, जिससे जेल में ही उसकी दुश्मनी हो गई थी। नतीजतन अनुराग ने अपने साथियों संग मिलकर उसे पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

### शुक्रवार को मिला था शव

मवाना खुर्द-बहसूमा बाईपास पर सड़क से कुछ दूरी पर शुक्रवार दोपहर युवक का शव मिला था। जिसकी पहचान गंगानगर के मीनाक्षीपुरम निवासी आदि उर्फ अंकित के रूप में हुई थी। वह थाना गंगानगर का हिस्ट्रीशीटर था। परिजनों के मुताबिक वह गुरुवार शाम को अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन पार्टी में गया था। इस मामले में मृतक के भाई अंकुर ने हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था।

### दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि नामजद शिवम पंडित पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम सैनी थाना इंचौली व सूरज गुर्जर पुत्र अनिल गुर्जर निवासी ग्राम विजयवाड़ा थाना बड़ौत जनपद बागपत को रविवार को फलावदा रोड अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अनुराग छिलौरा से आदि उर्फ अंकित की जेल से दुश्मनी चली आ रही थी। वे दोनों अंकित को जन्मदिन बनाने के लिए रजपुरा में रोहन जाट पुत्र जितेंद्र के यहां लेकर गए, जहां पहले से ही अपने साथियों संग मौजूद अनुराग छिलौरा ने बेस बॉल के डंडे व सीमेंट की ईंटों से उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। उसके बाद उसे मृत समझकर गाड़ी में डाला और मवाना खुर्द बाईपास पर निलोहा कट के पास फेंककर चले गए। इंस्पेक्टर मवाना ने बताया कि हत्यारोपी शिवम पंडित पर पूर्व में भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में लूट, जानलेवा हमला आदि के छह मुकदमें दर्ज हैं। वर्ष 2020 में उस पर थाना दौराला में गैंगस्टर का मुकदमा भी हो चुका है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बुजुर्ग ने दबंगों पर लगाया दुकानों पर कब्जा करने का आरोप, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र गांव निवासी बुजुर्ग व्यक्ति ने गांव के ही लोगों पर उसकी दुकानों पर कब्जा करने का आरोप लगाकर तहरीर दी है। घटना के संबंध में पीड़ित बुजुर्ग मांगे राम पुत्र बलदेवा निवासी गांव पिलोना ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पीड़ित बुजुर्ग अपने घर पर अकेला रहता है उसके दोनों लड़के बाहर रहते हैं। जिस कारण गांव के ही लखमी व दीपक, किरणपाल, सेंसर पाल, पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए कह रहे हैं कि या तो अपनी दुकानें हमारे नाम कर दो नहीं तो हम तुझे जान से मार देंगे। पीड़ित के पास अपना मकान और यह दुकान ही है जिससे वह अपना भरण पोषण कर रहा है। पीड़ित ने अपनी हत्या होने की आशंका जताकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग रखी है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह का कहना है कि मामले की जांच के लिए पुलिस गई हुई है। जांच में अगर आरोप पाया जाता है तो बुजुर्ग की पूरी मदद करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित काफी डरा हुआ है उसने पुलिस से सुरक्षा मांगी हैं।

# कोर्ट के आदेश के बावजूद मवाना पुलिस ने धाराओं में किया खेल

## एफआईआर में नहीं लगाई बीएनएस की धारा 338

■ गंभीर धाराओं से आरोपी को बचा गई मवाना थाने की पुलिस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन की कालातीत हुई प्रबंध समिति के सचिव व क्लर्क के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमें में पुलिस ने धाराओं में खेल कर दिया है। कोर्ट के आदेश के बावजूद मुकदमें की सबसे गंभीर धारा 338 बीएनएस से आरोपियों को फिलहाल बचा लिया गया है। जबकि कोर्ट के आदेश वाली मूल तहरीर में इस धारा का स्पष्ट उल्लेख है। पुलिस इसे मानवीय भूल बताकर अपना पल्ला झाड़ने में लगी है।

नगर के प्रसिद्ध व्यापारी एवं एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन की प्रबंध समिति के चुनाव अधिकारी रहे विनोद गुप्ता ने बीएनएसएस की धारा 173/4 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट मवाना की कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें आरोप लगाया गया कि चुनाव की घोषणा के बाद कालातीत हुई प्रबंध समिति के दीपक कुमार ने क्लर्क राजेश कुमार के साथ मिलकर प्रबंध समिति के बैंक खाते से छलपूर्वक 2 लाख रुपए अवैध रूप से निकाल लिए। इस रकम की निकासी की सूचना बतौर चुनाव अधिकारी उन्हें नहीं दी गई। कालातीत सचिव दीपक कुमार ने नए चुनाव होने के बाद भी कॉलेज के लेटर पैड का प्रयोग कर कूटरचना करते हुए बिना किसी पत्रांक व बिना किसी तारीख के अपने आप को सचिव लिखकर कॉलेज में गत 13 जुलाई को आम सभा की घोषणा कर दी और इस आम सभा के खर्च के नाम पर लाखों रुपए का गबन किया गया। उस आम सभा पर एसडीएम मवाना द्वारा रोक लगा दी गई थी।

### कोर्ट के आदेश पर पहले हुई थी जांच

चुनाव अधिकारी रहे विनोद गुप्ता के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट मवाना ने थाना मवाना से जांच कर अपनी रिपोर्ट कोर्ट में प्रेषित करने का आदेश दिया था। जिस पर मवाना खुर्द चौकी इंचार्ज एसआई मनोज कुमार ने कोर्ट को रिपोर्ट प्रेषित करते हुए प्रथम दृष्ट्या आरोपियों द्वारा संस्था के रुपयों का दुरूपयोग करने की बात कही थी। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपियों विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना किए जाने का आदेश पारित किया था।

### धारा 338 में हुआ खेल

दरअसल, वादी विनोद कुमार गुप्ता ने कोर्ट में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज से पैसों का गबन आदि करने से संबंधित बीएनएस की धाराओं 316/3, 318, 338 का उल्लेख किया था। उसी प्रार्थना पत्र को लेकर कोर्ट ने मुकदमा पंजीकृत करने के आदेश दिए थे। यही तीनों धाराएं दर्ज एफआईआर की मूल तहरीर में उल्लेखित हैं, लेकिन पुलिस ने धाराओं में खेल करते हुए 338 बीएनएस को अंकित ही नहीं किया। चर्चा है कि इस धारा के जरिए पुलिस ने आरोपियों को बचाने की कोशिश की है।

### धारा 338 में है आजीवन कारावास तक की सजा

दरअसल, बीएनएस की धारा 338 में पूर्व में प्रचलित आईपीसी की धारा 467, 468, 469 को शामिल कर लिया गया है। जोकि मूल्यवान प्रतिभूतियों की जालसाजी से संबंधित अपराधों को परिभाषित करती है। बीएनएस 338 के तहत 10 वर्ष से आजीवन कारावास और जुर्माना या दोनों का प्राविधान है। इस धारा के तहत किया गया अपराध संज्ञेय और गैर जमानती है।

# किठौर क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई 15 अगस्त स्टार अलफलाह कॉलेज ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** देहात से लेकर पूरे देश में जोशो -खरोश के साथ मनाया गया 15 अगस्त, लाखों भारतवासियों की कुर्बानी से मिली आजादी न जाति थी न धर्म बस एक सपना था आजादी 15 अगस्त सन् 1947 को भारत सदियो की गुलामी के बाद आजाद हुआ। आज भारत अपनी आजादी की 79 वीं सालगिरह मना रहा है। आजादी के इस मिशन में लाखों लोगों ने हंसते-हंसते अपनी जान व माल देश पर कुर्बान कर दी, पराधीनता की बेड़ियां में जकड़े करोड़ों भारतीयों के लिए 15 अगस्त का दिन किसी उत्सव से कम नहीं है। कस्बा किठौर और क्षेत्र के कॉलेजों, सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं, दफ्तरों आदि में 15 अगस्त को हर्षो-उल्लास के साथ मनाया गया स्कूल कॉलेज में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और आजादी की 79 वी वर्षगांठ पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये और छात्र-छात्राओं को आजादी को हासिल करने के लिए दी गई कुर्बानी की वास्तविकता से रूबरू कराया। स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज किठौर, गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज किठौर, प्राथमिक विद्यालय बेहरोडा नंबर 2, पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहरोडा, में ध्वजारोहण किया गया। स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण प्रबंधक नुसरत अली के द्वारा किया गया। इस दौरान छात्र -छात्राओं से रूबरू होते हुए आजादी की 79 वी वर्षगांठ पर अपने विचार प्रस्तुत किया और आजादी किस तरह अंग्रेजों से भारत के लोगों ने हासिल की उनकी कुर्बानियों को बताया गया, थाना किठौर कोतवाली में थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार पांडे ने ध्वजारोहण किया। आर के इंटर कॉलेज में सलमान मुनकाद के द्वारा ध्वजारोहण किया गया, गफुरी इंटर कॉलेज में गुफरान अली ने, पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहरोडा में इंचार्ज अध्यापक उमेश कुमार व प्रधान पुत्र अब्दुल सलाम तथा अन्य अध्यापक गणों ने ध्वजारोहण किया स्टार अल फलाह इंटर कॉलेज में तिरंगा रैली भी निकाली गई। जिसमें अध्यापक मोहम्मद इकराम, अब्दुल रब, विनोद कुमार, वसीम अहमद, तनसीर अली आदि अध्यापक गण मौजूद थे।

# किठौर में कैंटर ने साइकिल सवार किशोर को मारी टक्कर, मौत

■ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कैंटर चालक को गिरफ्तार कर हवालात में डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** रविवार सवेरे करीब 9.45 फव्वारा तिराहा पर मेराज बर्तन स्टोर के सामने एक लड़का अब्दुल्ला पुत्र मुजीब अहमद नि. मोहल्ला नई बस्ती थाना किठौर मेरठ उम्र करीब 13 वर्ष जोकि साइकिल से था को कैंटर से जिसका नंबर DL1EG 4536 है तथा जिसका चालक आलोक शर्मा पुत्र राजेंद्र शर्मा निवासी ग्राम सोना थाना परीक्षितगढ़ मेरठ से एक्सीडेंट हो गया जिससे लड़के को काफी चोट आई है।

उपचार हेतु परिवारजन के साथ मेरठ भिजवाया गया मेरठ प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रत्यक्ष दर्शीयो का कहना हैं कि सड़क के किनारे खड़ी कार के ड्राइवर ने अचानक खिड़की खोली जिससे टकराकर तेरह वर्षीय अब्दुल्लाह कैंटर गाड़ी के सामने जा गिरा और वहीं अगर कैंटर गाड़ी का ड्राइवर तत्परता बरतता तो बच सकती थी मासूम की जान।

घटना स्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि अगर कैंटर गाड़ी का ड्राइवर तत्परता से गाड़ी को रोक देता तो मासूम अब्दुल्लाह की जान बच सकती थी जबकि वह काफी दूर तक बच्चे को घसीटता रहा जिससे उसकी मौके पर ही हालत बहुत नाजुक थी और उसकी मेरठ हॉस्पिटल में पहुंच कर मौत हो गई पीड़ित की और से समाचार लिखे जाने तक तहरीर नही आई थी।

# पति पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित ने अपनी पुत्री के साथ गाली गलोच मारपीट व मानसिक, शारीरिक उत्पीड़न के सम्बंध में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

घटना के संबंध में पीड़ित वीरपाल निवासी रक्षापुरम मवाना रोड़ मेरठ ने थाना फलावदा में पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित की पुत्री मनीषा का विवाह छह फरवरी 24 को अभिनव मलिक पुत्र हेमेत मलिक निवासी ग्राम पिलोना के साथ हुआ था। अभिनव मलिक पीड़ित की पुत्री के साथ विवाह के समय से ही मारपीट करता चला आ रहा है।


जिसकी सूचना उसकी पुत्री ने डायल 112 पर काल करके दी। परन्तु उक्त सूचना पर आज तक भी कोई कार्यवाही नही की गई है। 10 सितम्बर 24 को अभिनव मलिक ने पीड़ित की पुत्री को मारपीट कर घर से भगा दिया था। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री को अभिनव ने जान से मारने की कोशिश की और उसका फोन भी तोड़ दिया। और आरोपी पति का व्यवहार उसकी पुत्री के साथ अत्यधिक क्रूर होता जा रहा है। पीड़ित की पुत्री के साथ मारपीट पर अमादा रहता है। जिससे पीड़ित की पुत्री की जान को खतरा हैं उन्होंने मांग की है कि पीड़ित की पुत्री की जान माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई जाए।

# ब्लेंडर्स प्राइड फोर एलिमेंट्स ने व्हिस्की प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्लेंडर्स प्राइड की नवीनतम इनोवेशन ब्लेंडर्स प्राइड फोर एलिमेंट्स को प्रतिष्ठित 2025 अंतर्राष्ट्रीय व्हिस्की प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ ब्लेंडेड भारतीय व्हिस्की श्रेणी में रजत पदक से सम्मानित किया गया है। यह गौरवपूर्ण और महत्वपूर्ण उपलब्धि यह बताती है कि प्रीमियम ब्लेंडेड व्हिस्की क्षेत्र में शिल्पकारिता और नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने में ब्रांड की किस सीमा तक प्रतिबद्धता है। अंतर्राष्ट्रीय व्हिस्की प्रतियोगिता दुनिया भर में सबसे प्रतिष्ठित और सटीक स्पिरिट प्रतियोगिताओं में से एक है और अक्सर इसे व्हिस्की प्रतियोगिताओं का ओलंपिक पुकारा जाता है।

# ग्राम प्रधान ने जन्माष्टमी पर गौशाला पहुंचकर की गायों की सेवा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जन्माष्टमी पर्व पर रविवार को जानी खुर्द ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी ने गौशाला में जाकर उनकी सेवा की और गायों को फूल माला पहनाई और फल खिलाए उसके बाद गायों की देखभाल की वहीं ग्राम प्रधान के इस कार्य को देख ग्रामीणों ने उनकी सराहना की। ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी ने बताया कि जिस तरह से हम इंसान अपनी देखभाल करते हैं इस तरह से पशु भी हमारे परिवार की तरह है उनका भी ध्यान रखना चाहिए और वह भी ऊपर वाले की बनाई हुई चीज है इंसान अपनी जुबान से बोल सकता है लेकिन पशु कुछ भी नहीं बोल सकता इसलिए हमेशा उनकी सेवा करनी चाहिए।

# रहावती इंटर कॉलेज में दो टॉपर्स छात्राओं को साइकिल देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव रहावती में स्थित रहावती इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने 2024-25 में स्कूल टॉप करने पर हाईस्कूल में कुमारी साक्षी तथा इंटरमीडिएट छात्र असना को साइकिल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया कि यदि कॉलेज में इस तरह का कार्य होता रहेगा तो बच्चे खुद पर खुद टॉपर्स होते चले जाएंगे। हमें बच्चों को आगे बढ़ाना है, उन्हें अच्छी शिक्षा दिलानी है। उनका यही लक्ष्य है कि हर बच्चा अपने स्कूल, अपने क्षेत्र, बल्कि अपने माता-पिता, तथा अपने प्रदेश का नाम रोशन करें।

# सरधना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाकर किया सत्यापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना थाना पुलिस ने रविवार को क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाकर उनका सत्यापन किया। इसके अलावा सभी का शांति भंग की धारा में चालन कर दिया। सरधना थाने के इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 के बाद के हिस्ट्रीशीटर 45 है। रविवार को अभियान चलाकर सभी का सत्यापन किया गया। जिनमें रोहित, सोमपाल, इमरान, राशिद, सोनू, इमरान, ओमपाल, अमित, इदरीश, इमरान, अमित, अरुण, सरताज, राशिद, अरविंद समेत 25 हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 151 में चालान कर दिया। कुछ हिस्ट्रीशीटर जेल में है। कुछ दूसरे जिले में और बीमार है। सभी के इतिहास को खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी यह अभियान जारी रहेगा।

# सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने मौड़खुर्द में सपा नेता के पुत्र के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने क्षेत्र के गांव मोड खुर्द में सपा नेता सुदेश पाल सिंह के आवास पर जाकर उनके पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनके साथ है। वह हर संभव कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव हर व्यक्ति के दुख में साथ खड़े रहते हैं। वह हर संभव गरीब मजलूम किसानो की आवाज उठा रहे हैं। उनके साथ में मुख्य रूप से मेरठ जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, पूर्व विधायक प्रभुदयाल बाल्मीकि, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, लियाकत मुस्लिम, सपा नेता खलील सलमानी, कुंवर देवेंद्र सिंह, निरंजन सिंह, शादाब अख्तर, विनोद राजन, रामपाल सिंह, अंकुर चौधरी, महिपाल सिंह, जसवीर सिंह, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजकुमार, प्रवीण, राकेश, रमन, गुरवंत सिंह, निर्मित यादव, बबलू खान, आदित्य गुर्जर, डॉक्टर फरमान, पवन यादव आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे।



श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल।

# इस्लामिया मदरसे में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कस्बे में स्थित इस्लामिया मदरसा कासिम उल उलूम अरबिया में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। मदरसे के मैनेजर अशद अजीज, खजांची अनीश राईन हनीफ राजपूत, इरफान पठान मुफ्ती असजद अली कासमी ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मैनेजर अशद अजीज ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा देश का राष्ट्रीय पर्व है। जो हर साल 15 अगस्त को मनाया जाता है। आज के दिन हमारा देश आजाद हुआ था। हमें देश पर हुए शहीदों को याद करना चाहिए और उनकी शहादत पर उनकी रूह को सबाब पहुंचना चाहिए। स्कूल में छात्र-छात्राओं ने नजम नाथ तथा इंग्लिश में अपना परिचय दिया। मदरसा के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के आधारित इंडिया गेट, हमारे देश की श्रींखला, तिरंगा आदि जैसे प्रदर्शनी बनाई। जिसमें मदरसे की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह एवं मैडल देखकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से कारी मुशर्रफ, मास्टर नफीस, मास्टर खालिद, दिलशाद अल्वी, दिलशाद सलमानी, अरशद राईन, इनाम सैफी, मोबिन सलमानी, अखलाक राइन, मास्टर शमशाद आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# रालोद ने सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र में चलाया सदस्यता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

जानी खुर्द। राष्ट्रीय लोकदल द्वारा सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिरवा व दुरवेशपुर में सदस्यता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सेकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह व एससी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी ने कहा कि रालोद किसानों, मजदूरों एवं गरीबों की सच्ची हितेषी है। हर वर्ग का आदमी रालोद से जुड़ा हुआ है। रालोद आगे भी सब सभी वर्ग के लोगों के हित के लिए अपना कार्य करती रहेगी। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान काफी संख्या में लोग राष्ट्रीय लोक दल से जुड़ रहे हैं। सभी कार्यकर्ता मिलकर इस अभियान को सफल बनाएंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह दहिया, एससी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी, विनय मललापुर, अरविंद तोमर मोनू ढिडाला, सचिन चौधरी, रजा जैदी खिरवा, नसीम प्रधान दुर्वेशपुर प्रधान हसन मेंहदी, मनव्वर प्रधान, दीपक कसाना, अरविंद जाटव, अमरपाल प्रधान, अब्बास जैदी, अफसर जैदी, शान जैदी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में आरक्षियों के लिए आधुनिक क्लास रूम व कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस लाइन मेरठ में सोमवार को आरटीसी (रीक्रूट ट्रेनिंग सेंटर) के नए क्लास रूम और कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र और एसएसपी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फीता काटकर क्लास रूम और कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। मौके पर बताया गया कि आधुनिक तकनीक से लैस इन कक्षों में आरक्षियों को डिजिटल माध्यम से पढ़ाई का अवसर मिलेगा। कम्प्यूटर साक्षरता के साथ-साथ प्रोजेक्टर, स्मार्ट बोर्ड और इंटरनेट आधारित प्रशिक्षण से उनकी कार्यकुशलता बढ़ेगी।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम AMAN से बदलकर ANAS रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को ANAS के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। -मतलूब पुत्र फजल रहमान निवासी खसरा नं.-2755, समर गार्डन कॉलोनी, डी-ब्लॉक, मेरठ 250002

# भारत ने वर्ल्ड गेम्स में जीते तीन पदक

**● भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगिता में एक रजत और दो कांस्य पदक जीते**




**चीन, वार्ता।** भारत ने वर्ल्ड गेम्स 2025 का समापन रविवार को रिकॉर्ड तीन पदकों के साथ किया। भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगिता में एक रजत और दो कांस्य जीते। पदकों की संख्या के लिहाज से यह वर्ल्ड गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने जर्मनी के कार्लजुए में 1989 में पावरलिफ्टिंग में दो पदक जीते थे। ऋषभ यादव ने व्यक्तिगत पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में कांस्य जीतकर भारत को 2025 वर्ल्ड गेम्स की पदक तालिका में दर्ज कराया। इसके बाद नम्रता बत्रा ने महिलाओं की सांडा 52 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीता, जो कि वर्ल्ड गेम्स में वुशु में भारत का पहला पदक था। आनंदकुमार वेलकुमार ने भी अपनी लय को बरकरार रखते हुए पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने इस मल्टी स्पोर्ट द्विवार्षिक प्रतियोगिता में देश के लिए पहला रोलर स्पोर्ट्स पदक जीता। कुछ करीबी मुकाबले भी हुए, जिनमें भारत पदक जीतने से चूक गया। अभिषेक वर्मा मेंस कंपाउंड व्यक्तिगत कांस्य पदक मुकाबले में ऋषभ से हारकर पोडियम पर जगह नहीं बना सके। इसके अलावा, भारतीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी शिवम अरोड़ा को मिक्स्ड हेबॉल पूल कांस्य पदक मैच में चीन के तांग चुनशियाओ से 5-4 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, आर्यनपाल सिंह घुमन ने 200 मीटर टाइम ट्रायल इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में 0-083 सेकंड से कांस्य पदक से चूक गए।

# सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास किया

**● एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे, 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।

सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डोमेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे। उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि लाइफ अपडेट, निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारू रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है। आईपीएल 2025 में दूसरे टाप रन स्कोरर सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीजन में 717 रन बनाए और मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बने। पूरे टूर्नामेंट में वे दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, केवल गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (759 रन) उनसे आगे रहे। भारत का पहला मैच यूएई से भारत, पाक, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाक और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाक ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितम्बर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टाप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मैच भी हो सकता है।

## देविका ने जीता मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 का खिताब

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय शटलर देविका सिहाग ने रविवार को मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 टूर्नामेंट में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां 25 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 100वें स्थान पर काबिज देविका ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ईशारानी को 15-7, 15-12 से हराया। देविका सिहाग के करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय चैलेंज खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2024 में इंटरनेशनल सीरीज लेवल पर स्वीडिश ओपन और पुर्तगाल इंटरनेशनल खिताब जीते थे। इससे पहले मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में देविका ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर वन व चौथी वरीयता प्राप्त मीर को रौंदा।

# एशियाई युवा पैरा खेलों के 'लोगो' का अनावरण

**● एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशियाभर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**दुबई, वार्ता।** दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों की आयोजन समिति ने एपीसी सम्मेलन और आम सभा के दौरान अपने लोगो का अनावरण किया, जो इस क्षेत्र के सबसे समावेशी खेल आयोजनों में एक और रोमांचक मील का पत्थर साबित होगा।

दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशिया भर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 7 से 14 दिसंबर तक 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नया लॉन्च किया गया लोगो, जिसमें चार प्रमुख तत्व शामिल हैं, पैरा खेलों की जीवंत भावना को दर्शाता है और साथ ही दुबई की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को एक गौरवशाली मेजबान शहर के रूप में दर्शाता है। डिज़ाइन के प्रत्येक तत्व का एक विशेष अर्थ है:

**दुबई:** मेजबान शहर, नवाचार और समावेशिता का प्रतिनिधित्व करता है। **ज्वाला:** गति, जुनून और ऊर्जा का प्रतीक - ऐसे गुण जो युवाओं और खेल दोनों को परिभाषित करते हैं। आइकॉन: पैरा एथलीटों की सक्रियता और युवाओं की गतिशील भावना का प्रतिनिधित्व। **पाम जुमेराह:** दुबई का एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त स्थल, जो स्थानीय पहचान को भव्यता और आधुनिकता के साथ सुदृढ़ करता है। इस बीच, इस कार्यक्रम में 'बॉर्न टू राइज' स्लोगन का भी अनावरण किया गया - यह स्लोगन पूरे एशिया के युवा पैरा-एथलीटों के उत्साह, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन को दर्शाता है। एशियाई पैरालंपिक अध्यक्ष माजिद रशीद ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह एशियाई पैरालंपिक परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एशियाई युवा पैरा खेल लचीलेपन, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का उत्सव हैं, और हमारे एथलीट हमारे मिशन के केंद्र में हैं। यह घोषणा सभी प्रतिभागियों के लिए खेलों की तैयारी के दौरान स्पष्टता भी प्रदान करती है। हम स्थानीय आयोजकों को खेलों की दूसरी बार मेजबानी की तैयारी में उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। एशियाई युवा पैरा खेल, युवा सशक्तिकरण के एपीसी के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और हम दुबई में एक और शानदार आयोजन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर रोमांचित हैं। रशीद ने आगे कहा कि हमें विश्वास है कि सुलभता और नवाचार पर अपने जोरदार ध्यान के साथ, दुबई एशिया के युवा पैरा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करेगा। दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन के अध्यक्ष और खेलों के स्थानीय आयोजक, थानी जुमा बेरेगाड ने एक वीडियो संदेश में कहा कि लोगो का अनावरण करना हमारे लिए गर्व का क्षण है। समय की कमी के कारण हमें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उसके बावजूद, इन चैंपियनशिप के उद्देश्य और युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका में हमारे गहरे विश्वास ने हमें इस चुनौती को एक अवसर में बदलने की प्रेरणा दी।

# चोटिल अनाहत एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन में रहीं उपविजेता

**● चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रहीं अनाहत को रिटायर होना पड़ा**



**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त चोटिल भारतीय किशोरी अनाहत सिंह रविवार को एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रिटायर होकर उपविजेता रहीं।

यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में अनाहत चोटिल होकर रिटायर हुईं और उन्हें मिस्र की हबीबा हानी के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह पहली बार है जब वह पीएसए कॉपर-स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही हैं। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहला गेम 11-9 से जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन हानी ने वापसी करते हुए अगले दो गेम अपने नाम कर लिए। चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रही अनाहत को प्रतियोगिता से रिटायर होना पड़ा। सेमीफाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने अपनी चोट से जूझते हुए मिस्र की नूर खफागी को 3-2 (10-12, 11-5, 11-5, 10-12, 11-7) से हराया। अनाहत ने राउंड ऑफ 16 में ऑस्ट्रेलिया की सारा कार्डवेल को 3-0 (11-3, 11-3, 11-4) से हराने के बाद क्वार्टरफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेली वार्ड को 3-0 (11-4, 11-9, 14-12) से हराया। इससे पहले उन्हें शुरुआती दौर में बाई मिली थी। इस बीच, हबीबा हानी ने सेमीफाइनल में भारत की पाँचवीं वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे को 3-1 (11-9, 7-11, 12-10, 11-6) से हराया था।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया 'ए' को हराया

**● एलीसा हीली ने नाबाद 137 रन और विल्सन ने 59 रनों की पारी खेली, तालिया ने तीन विकेट लिए**




**ब्रिस्बेन, वार्ता।** तालिया मैक्ग्रा (तीन विकेट) के बाद एलिसा हीली (नाबाद 137) और तालिया विल्सन (59) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंडिया ए को 133 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में स्वयं का सुपड़ा साफ होने से बचा लिया।

इंडिया ए यह सीरीज 2-1 से जीती है। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ए के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। 17वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन 51 गेंदों में 59 रन को आउटकर इंडिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी रेचल ट्रेनामैन ने एलिसा हीली के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को 27-5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंडिया ए की ओर से एकमात्र विकेट राधा यादव को मिला। इससे पहले आज यहां इंडिया ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए के लिए शेफाली वर्मा और नंदिनी कश्यप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 19वें ओवर में तालिया मैक्ग्रा ने शेफाली वर्मा (52) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में एला हेवर्ड ने नंदिनी कश्यप (28) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया ए को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंडिया के बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा कर विकेट गंवाता चला गया। तेजल हसबनिस (एक) और राघवी बिष्ट (18) रन बनकर आउट हुईं। तेजल हसबनिस (42), तनुश्री सरकार (17), मिन्नू मनी (पांच), कप्तान राधा यादव (18), साइमा ठाकोर (शून्य) पर आउट हुईं। 48वें ओवर में सियाना जिंजर ने तनुजा कंवर (15) को आउटकर इंडिया ए की पारी को 216 के स्कोर पर अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से तालिया मैक्ग्रा ने आठ ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिये। सियाना जिंजर, एला हेवर्ड और अनिका लीरॉइड को दो-दो विकेट मिले। लूसी हैमिल्टन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अपने अंतिम समय में भी, मैक्सवेल जीत सकते हैं एक और विश्व कप

**केर्न्स, वार्ता।** द. अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक टी20 मैच से पहले, मैक्सवेल से पूछा गया कि क्या वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की समाप्ति तिथि पर विचार करने का मौका मिला है। उन्होंने उत्साह से कहा, 'नहीं।' अगर वह चाहें, तो अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाला टी-20 विश्व कप इस प्रारूप के महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक उपयुक्त शुरुआती बिंदु होगा। यह विश्वास करना मुश्किल है कि वह दो साल और खेल पाएंगे, जबकि 2028 का विश्व कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। शनिवार शाम को उन्होंने खेल से दिखाया कि वह अब भी क्या कर सकते हैं, 36 गेंदों में नाबाद 62 रनों की शानदार पारी खेलकर एक अनिश्चित लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत की ओर ले गए।

# पाक की एशिया कप टीम से बाबर-रिजवान बाहर



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को एशिया कप के लिए टी-20 टीम में शामिल नहीं किया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ताओं ने यूएई में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला और एशिया कप के लिए सलमान आगा की अगुवाई वाली 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इन दोनों सीरीज के लिए बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टीम में जगह नहीं मिली है। बाबर ने आखिरी बार पाकिस्तान के लिए अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में दिसंबर 2024 में प्रतिनिधित्व किया था। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2025 में उन्होंने पेशावर जलमी के लिए सात मैच खेले थे जिसमें नाबाद 56, नाबाद 53 और 94 का स्कोर शामिल है। हाल ही में वह विंडीज में हुई एकदिवसीय सीरीज टीम का भी हिस्सा थे। इस सीरीज में उन्होंने 47, शून्य और नौ रन बनाए थे। इसी के साथ रिजवान भी पाक की टी-20 टीम से बाहर चल रहे है। उन्हें भी विंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज से बाहर रखा गया था। हालांकि रिजवान अभी भी वेस्टइंडीज के साथ हुई एकदिवसीय सीरीज में टीम के कप्तान थे। जहां उन्होंने पहले मैच में 53 रन बनाए थे लेकिन उसके बाद 16 और शून्य का स्कोर किया था।

# ज्वेरेव को हरा अल्काराज फाइनल में

**सेमीफाइनल में अल्काराज ने जर्मनी के ज्वेरेव पर 6-4-, 6-3 से जीत दर्ज की**



**अमेरिका, वार्ता।** स्पेन के स्टार कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन में अस्वस्थ एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर लगातार सातवें टूर-लेवल फाइनल में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी जैनिक सिनर से होगा। शनिवार रात खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने जर्मनी के अस्वस्थ चल रहे ज्वेरेव पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। शुरुआती सेट का निर्णय अल्काराज के शानदार प्रदर्शन से हुआ। लेकिन पसीने से लथपथ ज्वेरेव को दूसरे सेट में शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा। शुक्रवार को बेन शेल्टन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में अपनी प्रभावशाली जीत के दौरान फिजियो द्वारा उपचार प्राप्त करने वाले जर्मन खिलाड़ी को दूसरे सेट में 2-1 के स्कोर पर मेडिकल टाइमआउट के लिए कोर्ट छोड़ना पड़ा और मैच के बाकी हिस्से में उनकी स्थिति स्पष्ट रूप से कमजोर रही। मैच के बाद अल्काराज ने कहा कि किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ खेलना कभी आसान नहीं होता जिसके बारे में आपको पता हो कि वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। यह और भी मुश्किल हो जाता है जब यह पता हो कि वह शानदार खिलाड़ी है और कोर्ट के बाहर इतना अच्छा इंसान है। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। दूसरे सेमीफाइनल में सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमैन को 7-6 (7-4), 6-2 से हराया, जिससे उनकी हार्ड-कोर्ट जीत का सिलसिला 26 मैचों तक पहुंच गया। ये दोनों युवा सितारे इस खेल की सबसे कड़ी नई प्रतिद्वंद्विता के रूप में उभरे हैं, और सिनर ने विंबलडन में अपने पिछले मुकाबले में जीत हासिल की थी। दोनों ने अपने सेमीफाइनल मुकाबलों की कठिनाई को स्वीकार किया।

## नायब सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र मिला

**यह प्रतिष्ठित सम्मान हरियाणा के पंचकुला में आयोजित कबड्डी प्रदर्शनी कार्यक्रम में सबसे बड़ी भागीदारी के आयोजन के लिए प्रदान किया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिप्सा) ने आज हरियाणा भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को कबड्डी के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र प्रदान किया।

हिप्सा अध्यक्ष कांथी डी-सुरेश और जीआई-पीकेएल के संस्थापक कार्तिक दम्मू ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को यह प्रमाणपत्र प्रदान किया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान हरियाणा के पंचकुला में आयोजित कबड्डी प्रदर्शनी कार्यक्रम में सबसे बड़ी भागीदारी के आयोजन के लिए प्रदान किया गया, जिसने इस पारंपरिक भारतीय खेल के लिए एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया। इस वर्ल्ड रिकॉर्ड कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के एथलीटों, युवाओं और खेल प्रेमियों की व्यापक भागीदारी देखी गई, जिसने कबड्डी के गढ़ के रूप में हरियाणा की विरासत को और मजबूत किया। हाल ही में पंचकूला में ताऊ देवी लाल स्टेडियम में शुरू हुए छठे राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कबड्डी मैच की शुरुआत करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया और प्रतिभागी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। सैनी ने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा के खिलाड़ी 2036 के ओलंपिक में भारत के लिए सर्वाधिक पदक जीतेंगे और वैश्विक मंच पर देश का नाम रोशन करेंगे।

# शब्दों की जादूगिरी

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, प्रधानमंत्री मोदी अपने शब्दों की जादूगिरी से विपक्ष को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस अवसर पर एसआईआर विवाद के बीच पीएम मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके है। एक तरफ मोदी अपने वैचारिक इकोसिस्टम को खाद-पानी देने की कोशिश कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ देश के समक्ष ठोस चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इनमें से एक की सफलता दूसरे की कीमत पर ही संभव है। प्रसंगवश बताते चलें कि लालकिले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार 12वां स्वाधीनता दिवस संबोधन न सिर्फ इसलिए उल्लेखनीय था कि इसने राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को खास तवज्जो दी, बल्कि इसलिए भी कि इसने देश के सामने सांप्रदायिक रंगत वाले जनसांख्यिकीय खतरे पर जोर दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफों के पुल बांधते हुए मोदी ने अपना पुराना राग दोहराया और कहा कि एक नये संकट के बीज बोये जा रहे हैं। उन्होंने जिसे देश की जनसांख्यिकी बदलने की सोची- समझी साजिश करार दिया, उससे निपटने के लिए उच्चाधिकार-प्राप्त जनसांख्यिकी मिशन का गठन, विभिन्न समुदायों के बीच जनसंख्या वृद्धि की अलग -अलग दरों और पड़ोसी देशों से दस्तावेज-विहीन प्रवासियों की घुसपैठ की ओर इशारा करके देश का धार्मिक आधार पर ध्रुव. ीकरण करने की एक बेपर्दा कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं है। हालांकि, भाषण में ठोस मुद्दों पर भी बात की गयी, जिसमें अर्थव्यवस्था, रक्षा व प्रौद्योगिकी, और युवा सशक्तीकरण समेत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर काफी फोकस था। मोदी ने बीते साल में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास परिख्रश्य में आये बदलावों का भी लेखा-जोखा पेश किया, और आगे क्या आसार हैं, इस पर बात की। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों को सराहा और कहा कि इसने भारत की रक्षा क्षमताओं और स्वदेशी हथियारों की प्रभावशीलता का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मौके का इस्तेमाल भारत के दुश्मनों, खासकर पाकिस्तान, को चेतावनी देने के लिए करते हुए, आतंकवाद और सीमा-पार हमलों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को रेखांकित किया। माओवादी विद्रोह के खिलाफ लड़ाई में मिली हालिया कामयाबी का भी जिक्र हुआ। जैसा कि मोदी ने ऐलान किया, एक पूर्ण स्वदेशी रक्षा प्रणाली मिशन सुदर्शन चक्र 'को साल 2035 तक विकसित व तैनात किया जायेगा। ज्यादा ब्योरा तो नहीं था, पर उन्होंने इसे एक शक्तिशाली हथियार प्रणाली बताया जो न सिर्फ दुश्मन के हमलों को निष्प्रभावी करेगी, बल्कि दुश्मन पर कई गुना ज्यादा पलटवार भी करेगी। वैश्विक शक्ति समीकरणों में तेजी से बदलाव के बीच, मोदी के स्वाधीनता दिवस संदेश का निशाना अमेरिका भी था जिसने कई भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी के भारी टैरिफ का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों की जादूगिरी अभी तक विपक्ष के हमलों का माकूल जवाब देने में नाकाम नहीं, तो कोई खास असर भी नहीं दिखा पाई है।

## सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए



चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है, चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है, आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व चुनाव आयोग के कंधों पर है, माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं, जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा, सत्य के मार्ग पर चलने वालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है, सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए।

**-अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा**

# निर्वाचन आयोग की प्रेस कान्फ्रेंस, जवाब 'NEXT'






पवन सिंह

क्या यही बहुत प्रचारित प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। आज जब सनसनाते हुए सवाल आने लगे तो जुबान ही चली गई। लगा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस थी ही नहीं। यह तो वोट चोरी पर जस्टीफिकेशन था। मैं बेशक यह लिख सकता हूं कि केन्द्रीय चुनाव आयोग की यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

आम जनता के सुलगते सवालों पर कोई जवाब ही नहीं था। सीधे-सीधे सपाट शब्दों में लिखूं तो आयोग ने उल्टा ही अपने ऊपर और गहरा संदेह ओढ़ लिया। जनता के सवालों/संदेहों से आयोग के अधिकारियों के चेहरों से हवाई उड़ रही थी। इससे तो बेहतर होता आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलेआम सारा सच खोलकर इस्तीफा दे देते। इतिहास में अमर हो जाते। कितने दिनों तक और जियोगे। 10-15-20 साल। यह कलंक और लोकतंत्र की हत्या का बोझ लेकर। यह प्रेस कांफ्रेंस वही कर सकता था जो जमीर और आत्मा दोनों निकाल चुका हो।

आपने तो CCTV फुटेज पर ऐसा बेहूदा तर्क दिया कि क्या महिलाओं की वीडियो दिखानी है? पोलिंग बूथ के अंदर क्या महिलाएं स्नान करती हैं? क्या कपड़े बदलती हैं? क्या अंत:वस्त्र पहनती हैं। पोलिंग बूथ के अंदर फुटेज मांगने पर यह सड़कछाप तर्क रखने के लिए यह छपरीनुमा प्रेस कांफ्रेंस की थी क्या? ऐसा क्या है पोलिंग बूथ के फुटेज के भीतर कि आपको यह बेहूदा तर्क देना पड़ा?

डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।

जब सवालों के जवाब देने की हैसियत ही नहीं थी और सच बताने का साहस ही नहीं था तो प्रेस कांफ्रेंस क्यों की थी और अगर की थी तो केवल पानी के बताशे टाइप्स मीडिया जुटा लेते। ऐसे NEXT कह कर भागना तो न पड़ता। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी सीधे जनता के प्रति है और स्वस्थ लोकतंत्र को बचाने के प्रति है। अगर यही प्रेस कांफ्रेंस थी तो इसे नहीं करना चाहिए था। फिर से आप एक्सपोज हो चुके हो। शर्मनाक था तुम्हारा NEXT, आयोग जाने-अनजाने देश को ऐसे संघर्ष के दोषी और साक्षी बनेगा। जिसे कोई नागरिक देखना नहीं चाहता। समूची प्रेस कांफ्रेंस शर्मनाक रही। पूरे देश खासकर हिंदी बेल्ट में मतदाताओं की संख्या आश्चर्यजनक रूप से झोलझाल है। उदाहरण स्वरूप बनारस, मतदान केंद्र संख्या -206, कन्या प्राइमरी, शंकुलधारा, कश्मीरीगंज की एक लिस्ट में एक आदमी ने 13 साल में ही, एक कमरे में, इकलौती बीबी से 43 बच्चे पैदा कर डाले और सब के सब मेल। बिहार में जिन 17 को मरा दिखाया वह सब जिंदा निकले, बेंगलूर सेंट्रल में म.नं.-791 में 43 वोटर, मुजफ्फरपुर में एक ही पते पर 269 वोटर, जमुई में एक ही पते पर 267 वोटर, बिना पते के 2.92 वोटर, गोमतीनगर, लखनऊ में तमाम मृत लोगों के नाम की भी पर्चियां, खंदौली, आगरा में एक ही पते पर 510 वोट, कर्नाटक के एक ही मकान में 80 वोटर। सवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठे तो कन्नी काट कर भाग गए। शाम 5 बजे के बाद आश्चर्यजनक रूप से वोटिंग और जवाबदेही पर टका सा छतरी खोल टाइप उत्तर-NEXT, यहां सवाल किसी राजनी. तिक दल के हारने व जीतने का है ही नहीं। यहां सवाल निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा का है। आयोग ने अपनी विश्वसनीयता शून्य कर ली है। जो इस देश के लो. कतंत्र के लिए भयावह साबित होगा। अब जनता उन नेताओं के वो कान्फिडेंस से भरे उद्गारों को को-रिलेट कर रही है कि अब की बार। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के खेल को जो तमाम तरह के संदेह से भरे हैं। मुझे याद है महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद आम जनता ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया था और सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त चर्चा हुई थी। मामला न्यायालय गया, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। हालांकि तमाम वीडियो वायरल हुए जिसमें सड़कों पर हजारों लोगों की भीड़ को नारेबाजी करते देखा जा सकता है। ये लोग ईवीएम हटाओ, देश बचाओ के नारे लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करते हुए दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो महाराष्ट्र का है, जहां भारी संख्या में लोग ईवीएम के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेन स्ट्रीम मीडिया को इसे कवर नहीं करना था तो उसने नहीं किया। फिलहाल, चुनाव आयोग की साख पर बुरी तरह से बट्टा लग चुका है और यह एक बहुत बड़े आंदोलन का सबब बन सकता है। यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

**डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आपदाओं से त्रस्त देवभूमि उत्तराखंड

**चाहे बादल फटे या लैंडस्लाइड हो, देवदार के पेड़ मलबा- पानी को नीचे नहीं आने देते थे क्योंकि हिमालय की उत्पत्ति के बाद से ही इसको मजबूत बनाए रखने में देवदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके जंगल काफी सघन होते हैं और इसके नीचे के हिस्से में बांज जैसी घनी झाड़ियां होती हैं जो बादल फटने पर भी हिमालय की मिट्टी को जकड़ कर रखती हैं जिससे ऐसी त्रासदी की सम्भावनाएं नगण्य रहती हैं, इसीलिए हिमालयवासी देवदार को भगवान की तरह पूजते हैं। किन्तु 19 वीं सदी में विल्सन के समय से जो इन पेड़ों को काटने का सिलसिला प्रारंभ हुआ आज तक अनवरत रूप से जारी है। समय की मांग है कि उच्च हिमालई क्षेत्र में देवदार के कटान पर पूर्णतरू रोक लगाई जाय और देवदार के जंगलों को फिर से विकसित किया जाए।**



डा. चंद्रप्रकाश शर्मा

भारत भूमि का उत्तर भाग जो वनाच्छादित व हिमाच्छादित रहा है तथा अनेक नदियों का उद्गमस्थल व झील-झरनों से परिपूर्ण है। यहां की शांति, एकांत व प्राकृतिक वातावरण प्राचीन काल से ऋषि, मुनियों,संतों व महापुरुषों को जप, तप व ध्यान हेतु अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। उत्तराखंड तपोभूमि होने के साथ देव भूमि भी है क्योंकि पावन गंगा का उद्गमस्थल गंगोत्री और यमुना का उद्गमस्थल यमुनोत्री के साथ भगवान बद्रीनाथ की तपोस्थली बद्रीनाथ तथा आदि शंकराचार्य की निर्वाण स्थली व भगवान शिव की पवित्र भूमि केदारनाथ यहीं अवस्थित है। प्रश्न उठता है कि देवों की भूमि और ऋषि -मुनियों की तपोस्थली आज आपदाओं से त्रस्त क्यों है?

आज मानव का दृष्टिकोण बदला है। अब लोग देव दर्शन या साधना के निमित्त कम, पर्यटन की दृष्टिकोण से पहाड़ों की ओर अधिक गमन कर रहे है। देव दर्शन में संयम और श्रद्धा के साथ सीमित संसाधन का उपयोग करते हुए जप-तप और साधना पर ध्यान केंद्रित होता है जबकि पर्यटन में लोगों का आहार- विहार और व्यवहार पश्चात संस्कृति से प्रभावित होता है और मौज मस्ती उनका उद्देश्य होता है। इसी दृष्टि से प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक विभिन्न तीर्थ की यात्राएं करते हैं। उनकी सुविधाओं के दृष्टिगत ऑल वेदर रोड, सुरंग युक्त रेल परियोजनाएं, रोपवे,होटल, रिजॉर्ट्स और अन्य निर्माण कार्य बिना सही भूगर्भ जांच और पर्यावरण अध्ययन के सतत जारी है जिससे पहाड़ लगातार कमजोर हो रहे हैं।

अनियोजित, अवैज्ञानिक विकास कार्यो ने आपदाओं को बढ़ावा दिया है।हमें प्रकृति की संवेदनशीलता को समझना होगा क्योंकि पहाड़ों का एक पारितंत्र है,अगर हम उसका दोहन, उत्पीड़न व शोषण करेंगे तो उससे उसका पारितंत्र छिन्न-भिन्न होगा और उसका परिणाम हमें पर्वतीय क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बाढ़ ,भूस्खलन, बादल फटना, अत्यधिक वर्षा, भूकंप, जंगल की आग आदि त्रासदियों के रूप में भुगतना पड़ेगा क्योंकि हमने केदारनाथ की जल प्रलय से कोई सीख नहीं ली और उसी का परिणाम है कि 5 अगस्त को धराली की जलप्रलय का हमें सामना करना पड़ा। इसके साथ ही बादल फटने से पर्यटन स्थल हर्षिल में भी तबाही हुई। खीर गंगा नदी में आई बाढ़ से 34 मिनट में धराली गांव जमींदोज हो गया। धराली-जल प्रलय से हमें प्रकृति के संदेश को समझना होगा कि यदि हमने नदियों के क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए होटल ,रेस्टोरेंट और आवास बनाए तो उसके गंभीर परिणाम हमें भुगतने होंगे। खीर गंगा के जलग्राही क्षेत्र में हमने जिस तरह निर्माण किया, उसी से आपदा ने विकराल रूप धारण किया क्योंकि गाद से बनी समतल भूमि जो नदी का प्राकृतिक बहाव क्षेत्र थी ,पर हमने मकान, होटल और रेस्टोरेंट बना दिए और खीर गंगा के प्राकृतिक बहाव को मोड़ते हुए घुमावदार धारा के साथ बंध बना दिए जिससे यह स्थान सुरक्षित रहे किंतु सैलाब आने पर वह हमेशा अपने पुराने प्राकृतिक मार्ग से होकर ही गुजरता है।

इसी कारण इस बार कीचड़ और मलबे का तेज बहाव उन मजबूत बंध को तोड़कर उस समतल भूमि पर फैल गया जहां हमने नदी क्षेत्र पर अतिक्रमण करके आधुनिक धराली गांव बसा लिया था जिसे प्रकृति ने अपने बहाव के लिए सुरक्षित रखा था।हमें नदियों के जलग्राही क्षेत्रों में निर्माण करने से बचना होगा क्योंकि धराली का मूल गांव आज भी सुरक्षित है लेकिन बाजार-होटल धाराशाई हो गए। हमें जल प्रलयकारी आपदाओं से बचने हेतु नदियों के किनारे -किनारे और उनके घुमावदार मार्ग से दूर मानव बसावट करनी होगी।जल और वृक्ष पहाड़ों की धरोहर है। धराली आपदा को देवदार के पेड़ रोक सकते थे क्योंकि धराली से ऊपर गंगोत्री वाले हिमालय क्षेत्र में देवदार पेड़ों की संख्या पहले बहुत अधिक थी और उत्तराखंड का उच्च हिमालई क्षेत्र देवदार के जंगलों से परिपूर्ण था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घड़ियाल संरक्षण के 50 साल: क्या हम सफल हुए

18 जून को विश्व मगरमच्छ दिवस पर मगरमच्छ संरक्षण परियोजना की शुरुआत की स्वर्ण जयंती मनाई गई। भारत सरकार ने 1975 में जब घड़ियालों के संरक्षण के लिए व्यापक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत की थी, तब यह उम्मीद थी कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सरकारी संसाधनों के साथ यह मछलीभक्षी मगरमच्छ कृ जिसे वैज्ञानिक भाषा में गैवियालिस गैंजेटिकस कहा जाता है कृ फिर से भारतीय नदियों में आबाद हो सकेगा। लेकिन आज, इस प्रयास के 50 साल बाद, हमें खुद से यह कठिन सवाल पूछना होगारू क्या हम वाकई घड़ियाल को बचा पाए हैं?

जब घड़ियाल की बात होती है, तो अक्सर उसे एक विलुप्तप्राय जलचर के रूप में देखते हैं - एक ऐसा जीव, जो अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। लेकिन घड़ियाल सिर्फ एक प्रजाति का नाम नहीं है। उसकी उपस्थिति खुद में एक संकेत है, नदी की सेहत, पारिस्थितिकी संतुलन और जैव विविधता के प्रति हमारी संवेदनशीलता का।

घड़ियाल, अपनी पतली लंबी थूथन और मछलियों पर निर्भरता के कारण नदी पारिस्थितिकी का एक अनूठा जीव है। 20वीं सदी के आरंभ तक यह प्रजाति सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और इरावदी जैसे विशाल नदी तंत्रों में व्यापक रूप से पाई जाती थी। लेकिन 1940 के दशक में इसकी संख्या मात्र 5-10 हजार के बीच रह गई और 1970 के दशक तक यह 98 फीसदी से अधिक क्षेत्र से गायब हो चुकी थी। इसी संकट को देखते हुए, 1975 में भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन द्धथ्।व्क्र और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्धन्छक्च्क्र के सहयोग से क्रोकोडाइल कंजर्वेशन प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य देश की तीन दुर्लभ घड़ियाल (मगरमच्छ) प्रजातियों, मगर और खारे पानी के मगरमच्छ को संरक्षित करना था। यह परियोजना 'पालन और पुन:प्रक्षेपण' विधि का उपयोग करके, बंदी अवस्था में मगरमच्छों को पालने और फिर उन्हें प्राकृतिक आवासों में छोड़ने पर केंद्रित थी। इसके अंतर्गत देश भर में 16 मगरमच्छ पुनर्वास केंद्र और 11 मगरमच्छ अभयारण्यों की स्थापना की गई। इनमें नेशनल चंबल सैंक्चुरी, कटर्नियाघाट, सतकोसिया, सोन घड़ियाल अभयारण्य और केन घड़ियाल अभयारण्य मुख्य है।

हाल की वार्षिक गणनाओं के अनुसार, आज भारत में वयस्क घड़ियालों की संख्या मात्र 650 के आसपास है, जिनमें से 550 नेशनल चंबल सैंक्चुरी में ही सीमित हैं। सवाल उठता है कि आधी सदी चले इस विशाल संरक्षण कार्यक्रम का परिणाम इतना सीमित क्यों है?

इसका जवाब संरक्षण की मूल रणनीति में निहित है कृ हमने बार-बार बंदी प्रजनन और पुन:प्रक्षेपण पर बल दिया, लेकिन उनकी प्राकृतिक निवास कृ नदियां कृ निरंतर संकट में रहीं। घड़ियाल की मौजूदगी यह भी दर्शाती है कि वह नदी अब भी जीवित है, उसमें प्रदूषण नहीं फैला है, उसमें प्रवाह बचा है, और उसमें जीवन पल रहा है। इसलिए वैज्ञानिक घड़ियाल को एक 'जैव संकेतक' मानते हैं - एक ऐसा जीव जो हमें बिना कुछ कहे यह बता देता है कि नदी कितनी स्वस्थ है।

घड़ियालों के जीवित रहने का पूरा दारोमदार नदियों पर है। वे खुले, बहावयुक्त नदी प्रवाह, रेत के टीलों और मछलियों की पर्याप्त उपलब्धता वाले वातावरण में ही पनप सकते हैं। लेकिन इन पांच दशकों में भारतीय नदियां बेतहाशा रेत खनन, बांधों, बैराजों, प्रदूषण और अवैध मछली पकड़ने के कारण क्षतिग्रस्त हुई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, चंबल जैसे क्षेत्रों में अत्यधिक और अवैध रेत खनन ने घड़ियालों के घोंसले बनने वाली रेत पट्टियों को नष्ट कर दिया है। कई क्षेत्रों में तो घोंसले लगभग समाप्त हो चुके हैं। घड़ियालों की 90 फीसदी से अधिक मौतें मॉनसून के बाद पहले तीन महीनों में होती हैं यह दिखाता है कि केवल अंडे देना और बच्चे निकलना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका जीवित रहना ही असली चुनौती है। घड़ियाल का संरक्षण अपने आप में रेत खनन पर नियंत्रण की मांग को जन्म देता है, जो बाढ़ नियंत्रण से लेकर जलप्रवाह की गुणवत्ता तक, कई प्राकृतिक संतुलनों को बनाए रखने में सहायक होता है। मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट द्वारा 2008 में शुरू किए गए घड़ियाल इकॉलॉजी प्रोजेक्ट के प्रमुख अन्वेषक प्रो. जेफरी लैंग के अनुसार हअब जरूरत है कि हम नदी पारिस्थितिकी की संपूर्णता पर ध्यान दें। घड़ियाल संरक्षण के प्रयास तब तक सार्थक नहीं होंगे जब तक कि नदियां अपने प्राकृतिक रूप में मुक्त बहने वाली न हों, उनमें बांध बैराज न्यूनतम हों और रेत खनन नियंत्रित हो। इसी तरह, नेचर कंजर्वेशन सोसाइटी के सचिव राजीव चौहान कहते हैं, हबंदी प्रजनन और पुनर्वास केवल एक 'बैंड-ऐड' उपाय है। जब तक हम प्रवाह, मत्स्य पालन और रेत खनन पर सख्त नियंत्रण नहीं रखते, तब तक मगरमच्छों के पुनर्वास के प्रयास व्यर्थ है। ओडिशा ही एकमात्र राज्य है, जहां तीनों मगरमच्छ प्रजातियां - खारे पानी के मगर (भितरकनिका), घड़ियाल (सतकोसिया) और मगरी (सिमलीपाल) - पाई जाती हैं। पश्चिम बंगाल में सुंदरबन के बाद भितरकनिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है।

दोनों क्षेत्र भारत में खारे पानी के मगरमच्छों के तीन गढ़ों में से हैंय तीसरा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह है। वर्ष 2025 की जनगणना में 1826 खारे पानी के मगर, 16 घड़ियाल और लगभग 300 मगरी गिने गए। हालांकि यह संरक्षण की सफलता दर्शाता है, लेकिन हाल ही में भितरकनिका और उसके आसपास के इलाकों में इंसानों और मगरमच्छों के बीच संघर्ष बहुत बढ़ गया है। पिछले साल जून और अगस्त के बीच पार्क और उसके आसपास मगरमच्छों के हमलों में एक 10 वर्षीय लड़के सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। वहां अब इन इलाकों में बाड़बंदी और चेतावनी प्रणाली जैसे उपाय लागू किए जा रहे हैं। एक ताजा अध्ययन में पाया गया है कि आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन से घड़ियालों के लिए उपयुक्त क्षेत्र 36 फीसदी से 145 फीसदी तक बढ़ सकता है - विशेषतरू उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, असम, उत्तराखंड जैसे राज्यों में। वहीं ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य शायद अपनी उपयुक्तता खो बैठेंगे। अध्ययनकर्ताओं ने सिफारिश की है कि ब्रह्मपुत्र और महानदी घाटियों में संभावित क्षेत्रों का मैदानी सर्वेक्षण किया जाए, उन्हें संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए और स्थानीय समुदायों को संरक्षण



प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाए। घड़ियाल संरक्षण के 50 वर्षों का अनुभव हमें यही सिखाता है कि सिर्फ प्रजाति पर केंद्रित नीतियां नाकाफी है। जब तक हम नदियों को, उनके प्रवाह को, उनकी जैव विविधता को, उनके किनारे के समुदायों को संरक्षण नीति का हिस्सा नहीं बनाएंगे, तब तक घड़ियाल जैसे जीव केवल सरकारी आंकड़ों में ही जीवित रहेंगे।

**-स्रोत फीचर्स**

## संक्षिप्त समाचार

### पाक में बंदूकधारी हमलावरों ने सात को उतारा मौत के घाट

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिकनिक से लौट रहे दोस्तों के एक समूह पर अज्ञात बंदूकधारियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पीड़ितों पर शनिवार देर रात पेशावर से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले के उपनगरीय इलाके रेगी शिनो खेल में हमला किया गया। वे टांडा बांध से अपने पैतृक गांव खरा घारी मुहम्मद जई लौट रहे थे।

### रूस की 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर दोबारा जाने की योजना

**व्लादिवोस्तोक।** रूस 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर फिर से जाने के लिए अपने वेनेरा-डी अंतरग्रहीय मिशन के प्रक्षेपण की योजना बना रहा है और इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। तास समाचार एजेंसी ने रूसी विज्ञान अकादमी के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान में ग्रह भौतिकी विभाग के प्रमुख ओलेग कोराबलेव के हवाले से कहा कि यह मिशन अब देश के नए राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का हिस्सा है और मिशन पर प्रारंभिक डिजाइन का काम जनवरी 2026 में शुरू होगा।

### इराक ने आईएस के दो ठिकानों पर हवाई हमले किए

**बगदाद।** इराकी सुरक्षा बलों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के ठिकानों पर दो हवाई हमले कर वहां छिपे कुछ आतंकवादी मार गिराये हैं। इराकी संयुक्त अभियान कमान (जेओसी) ने यह जानकारी दी है। जेओसी ने एक बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर, पहला हमला मंगलवार को एफ-16 विमानों से सलाहुद्दीन प्रांत में आईएस के एक महत्वपूर्ण ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया, जिससे वहां मौजूद आतंकवादी मारे गए। दूसरा हमला उत्तरी किरकुक प्रांत में आईएस के एक और ठिकाने को निशाना बनाकर गुरुवार को किया गया।

### उत्तरी चीन में अचानक आई बाढ़ से आठ लोगों की मौत

**होहोट।** उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में शनिवार देर रात अचानक बाढ़ आने से आठ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग लापता हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उराद रियर बानेर के जनसंपर्क विभाग के अनुसार यह आपदा शनिवार रात लगभग 10 बजे बयानूर शहर के उराद रियर बानेर में नदी के ऊपरी क्षेत्र में आई जिसमें 13 शिविरार्थी लापता हो गए। रविवार सुबह 10 बजे तक एक व्यक्ति को बचा लिया गया, आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और चार लोग लापता हैं।



जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले के पहलगाम में 'तिरंगा रैली' में भाग लेते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य।

# अमेरिका को लगता है, वो मनमानी कर लेगा

## मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को लताड़ा

**वॉशिंगटन।** मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर भारी भरकम टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को जमकर लताड़ लगाई है। सैक्स ने ट्रम्प की टैरिफ नीति को बेवकूफी भरा बताया और कहा कि इससे अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा।

न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में जेफ्री सैक्स ने कहा कि ट्रम्प का टैरिफ लगाने का फैसला साफ तौर पर उनकी ब्रिक्स संगठन के सदस्य देशों के प्रति दुश्मनी को दिखाता है। जेफ्री ने कहा इतना ज्यादा टैरिफ लगाने का कोई मतलब नहीं। ये सही नहीं है। इससे कुछ नहीं होगा। भारत पर टैरिफ लगाना हर लिहाज से बेवकूफी है। अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प भ्रम में जी रहे हैं। उन्होंने कहा अमेरिका ने लंबे समय तक इस दुनिया पर अपना प्रभुत्व बनाकर रखा और उन्हें अब भी लगता है कि वे दुनिया पर अपनी मनमानी चला सकते हैं। सैक्स के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ न सिर्फ अमेरिका की खुद की अर्थव्यवस्था के लिए को नुकसान पहुंचाएगा। सैक्स ने कहा टैरिफ में सबकुछ गलत है। यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून व्यवस्था का भी उल्लंघन है। यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है। ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी। अर्थशास्त्री ने भारत को अमेरिका के प्रति सतर्क रुख करने की भी सलाह दी और कहा कि रक्षा और व्यापार के लिए अमेरिका पर निर्भरता भारत के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजनेताओं को भारत की बिल्कुल भी परवाह नहीं है।



**यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है, ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी**

कृपया इसे समझें। चीन के खिलाफ क्वाड में अमेरिका का साथ देकर भारत को दीर्घकालिक सुरक्षा नहीं मिलेगी। भारत खुद एक महाशक्ति है जिसकी दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र जगह है। सैक्स ने आश्चर्यजनक रूप से चीन, रूस और ब्राजील को भारत के सच्चे साझेदार देश बताया। सैक्स ने कहा कि भले ही भारत, अमेरिकी आपूर्ति में विविधता लाने में मदद करे, फिर भी उसे वाशिंगटन के साथ अच्छे व्यापारिक संबंधों की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

# टलेगी भारत-अमेरिका बिजनेस डील!

## छठे दौर की बातचीत के लिए ट्रम्प की टीम को भारत आना था, डेयरी प्रोडक्ट्स पर है विवाद

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर बातचीत टल सकती है। यह 25 से 29 अगस्त को होने वाली थी। अब यह बैठक बाद में होने की संभावना है। अब तक इस समझौते के लिए पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है, छठे दौर के लिए अमेरिकी टीम को भारत आना था। इससे पहले अमेरिका ने 6 अगस्त को भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा थी। अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है, लेकिन भारत इससे इन्कार कर चुका है।

भारत ने साफ कहा है कि वह किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगा। दोनों देश सितम्बर-अक्टूबर 2025 तक बीटीए के पहले चरण को पूरा करने की योजना बना रहे हैं। फरवरी में वाशिंगटन डीसी में मुलाकात के दौरान ट्रम्प और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा था। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वदेशी' उत्पादों को बढ़ावा देने और किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया था। उन्होंने कहा कि भारत अपने किसानों और पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत और अमेरिका का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डालर से बढ़ाकर 500 अरब डालर करना है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई 2025 में भारत का अमेरिका को निर्यात 21.64 प्रतिशत बढ़कर 33.53 अरब डालर हो गया, जबकि आयात 12.33 प्रतिशत बढ़कर 17.41 अरब डालर रहा। अमेरिका इस दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा, जिसके साथ 12.56 अरब डालर का व्यापार हुआ। अप्रैल से भारत का अमेरिका को निर्यात लगातार बढ़ रहा है। इसी बीच शुक्रवार देर रात को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच यूक्रेन मुद्दे पर अलास्का में बैठक हुई। इस बैठक से उम्मीद थी कि दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से भारत पर अतिरिक्त शुल्क में राहत मिल सकती है। ट्रम्प ने कहा कि अगर मुझे प्रतिबंध लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि भारत रूस से लगभग 40 प्रतिशत तेल खरीदता है, भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस से अपना बड़ा ग्राहक खो दिया है।



**अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा, भारत कर चुका है इन्कार**

### ट्रम्प 22 अगस्त तक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के पक्ष में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं से कहा है कि वह 22 अगस्त तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहते हैं। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ज़ेलेंस्की ने शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि वह सोमवार को वाशिंगटन में ट्रम्प से मिलेंगे। एक्सियोस के अनुसार, ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं को सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। उधर जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने शनिवार को कहा कि ज़ेलेंस्की और ट्रम्प के बीच सोमवार की बैठक के बाद एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन होने की उम्मीद है। अभी तक, रूसी पक्ष ने सार्वजनिक रूप से त्रिपक्षीय बैठक के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है।

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वाशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वाशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे।

अभी वाशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वाशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रम्प ने वाशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं, राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना जरूरी है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740' लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपालिटन पुलिस अब सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा कि हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। 2024 में हिंसक अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंचे। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे।



**तीन राज्यों से 700 सैनिक बुलाए, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले थे: राजधानी में हालात काबू से बाहर**

# रूस ने 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया

**कीव।** यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस (एसबीयू) ने दावा किया है कि जंग शुरू होने के बाद से रूस ने अब तक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया है। इन बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए ब्रेनवाश किया जा रहा है।

वहीं, येल यूनिवर्सिटी के रिसर्च ग्रुप ने पब्लिक डेटाबेस और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ऐसे 8400 से ज्यादा बच्चों की पहचान की है, जिन्हें यूक्रेन से प्लानिंग के तहत रूस भेजा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ अरसा पहले कहा था कि हम कम से कम 11,000 बच्चों के नाम तो जानते हैं, जिन्हें जबरन रूस भेजा गया है। एसबीयू ने ऐसी करीब 150 जगहों का पता लगाया है, जहां इन बच्चों को या तो कैम्पों में या उनके कथित दत्तक परिवारों के पास रखा गया है। कुछ बच्चों को मिलिट्री स्कूलों में भर्ती किया गया है। अब तक रूस ने सिर्फ 1200 यूक्रेनी बच्चों को ही वापस भेजा है। यूक्रेन युद्ध की वजह से अब तक 50 लाख से ज्यादा बच्चों को विस्थापित होना पड़ा है। पूर्वी यूक्रेन में रह रहे 16 लाख बच्चों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक यूक्रेनी बच्चों की बड़ी आबादी ऐसे मानसिक तनाव से जूझ रही है, जिससे शायद वे कभी उबर नहीं पाएंगे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) इन बच्चों की किडनैपिंग को वार क्राइम करार दे चुका है।

**दावाः बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर ब्रेनवॉश करके यूक्रेन के खिलाफ ही जंग लड़ने भेजा जा रहा**

वहीं नीदरलैंड्स के हेग स्थित इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) इस मामले में रूसी राष्ट्रपति पुतिन को 'वार क्रिमिनल' घोषित करके उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है। बीते कुछ महीनों में ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत में जेलेंस्की ने बार-बार गुमशुदा बच्चों का मुद्दा उठाया है। मई में अमेरिकी सीनेट के एक ग्रुप ने भी एक प्रस्ताव पेश कर कहा था कि रूस के साथ किसी भी शांति समझौते को अंतिम रूप देने से पहले सभी यूक्रेनी बच्चों की वापसी तय होनी चाहिए। जंग शुरू होने के बाद से अब तक 50 लाख यूक्रेनी बच्चे को पलायन करना पड़ा है।

## सूडान में आरएसएफ के हमले में 31 की मौत, 13 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के अल फशर शहर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस के हमले में शनिवार को कम से कम 31 लोग मारे गए जिनमें सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं। इस हमले में 13 अन्य लोग घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने अबू शौक विस्थापन शिविर को जानबूझकर तोपखाने से निशाना बनाकर जघन्य अपराध किया है। बयान में चेतावनी दी गई कि अल फशर की जारी घेराबंदी के कारण दवा, चिकित्सा कर्मचारियों एवं भोजन की भारी कमी हो गई है जिससे हजारों विस्थापित महिलाओं एवं बच्चों को धीमी मौत का सामना करना पड़ रहा है। अबू शौक आपातकालीन कक्ष ने एक बयान में कहा कि शनिवार को शिविर के उत्तरी हिस्से में भारी गोलाबारी हुई जिसके परिणामस्वरूप 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

# पाक में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू

## 327 लोग गंवा चुके हैं जान

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में बारिश और बाढ़ से तबाही मचा रखी है। हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। पाकिस्तान में बाढ़ के चलते अब तक 327 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

जबकि मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी है। अब मौसम विभाग ने 17 अगस्त से 21 अगस्त तक भारी बारिश की चेता. वनी जारी की है। साथ ही उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के लोगों से एहतियाती उपाय करने की अपील की है। पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मूसलाधार बारिश और बादल फटने के चलते अचानक आई बाढ़ ने खैबर पख्तूनख्वा में कम से कम 327 लोगों की जान ले ली है। अकेले बुनेर में ही 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। कम से कम 137 लोग घायल हो गए। बाढ़ के चलते घर ढह गए और पानी के तेज बहाव में कई लोग, मवेशी और वाहन बह गए। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूरदराज के गांवों में कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। साथ ही कई लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगभग दो हजार कर्मियों के साथ बचाव कार्य जारी है, लेकिन पुलों और संपर्क मार्गों सहित प्रमुख सड़कों के नष्ट होने से राहत कार्य प्रभावित हो रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने चेतावनी दी है कि इस वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुई मूसलाधार बारिश अगले दो सप्ताह तक और अधिक तीव्रता के साथ जारी रहने की उम्मीद है।



**मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी सेना भी चला रही अभियान**

खैबर पख्तूनख्वा में काम कर रही बचाव एजेंसी के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी ने कहा कि भारी बारिश, भूस्खलन और सड़कें बहने से बचाव कार्यों जैसे मशीनरी और एंबुलेंस के परिवहन में परेशानी आ रही है। कुछ इलाकों में मजदूरों को आपदा स्थलों तक पहुं. चने के लिए लंबी दूरी पैदल चलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वे बचे हुए लोगों को निकालने की को. शिश कर रहे हैं, लेकिन बहुत कम लोग ही अपने रिश्तेदारों या प्रियजनों की मलबे में फंसकर हुई मौत के कारण वहां से निकल पा रहे हैं।

# ईरान-रूस बढ़ाएंगे आपसी सहयोग

**तेहरान।** ईरानी उपराष्ट्रपति मोहम्मद-रज़ा आरेफ़ और रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तीन ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, किर्गिस्तान के चोलपोन-अता में यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के सम्मेलन से इतर एक बैठक में, दोनों देशों ने साझा हित के क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

आरेफ़ ने क्षेत्रीय मुद्दों से निपटने में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए रूस से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने ऊर्जा, पर्यटन, परिवहन और पारगमन गलियारों को लेकर आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों देशों को अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां साझा करनी चाहिए और विदेशी हस्तक्षेप के बिना बहुपक्षवाद की रणनीति अपनाते हुए क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के बारे में अरेफ़ ने कहा कि उन्होंने हमेशा बातचीत के माध्यम से अपनी परमाणु गतिविधियों के लिए विश्वास बनाने की कोशिश की है लेकिन कुछ पश्चिमी देश इसे एक राजनीतिक मुद्दे में बदल रहे हैं। रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की सराहना करते हुए आपसी निरंतर एवं रचनात्मक राजनयिक संपर्कों पर प्रकाश डाला और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यटन में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

**रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की**

